धनबाद, मंगलवार
15 अप्रैल 2025
वर्ष : 10 अंक : 315
पृष्ठ : 12
मूल्य : 3/-

नई पत्र वार्ता

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
सोच आगे की ...

झारखंड न कभी डरा, न कभी झुका: सीएम

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि 2019 में तब राज्य की जनता के आशीर्वाद से हमें नेतृत्व करने का अवसर मिला, उसमें भी विपक्ष ने कई बार राजनीति का स्तर नीचे गिराते हुए, झारखंड को पीछे ले जाने की कोशिश की, लेकिन सफल न हो सके. झारखंड न कभी डरा और न कभी झुका.

हमारे अगुआ नेताओं के संघर्ष को सम्मान देने का करना है काम

सीएम ने कहा कि दिशोम गुरुजी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का जो विशाल पेड़ लगाया है और जिस पेड़ की जड़ें झारखंड के घर-घर में फैली हुई हैं, उसे सींचने का काम हमें करना है. हमारे अगुआ नेताओं के संघर्ष को सम्मान देने का काम हमें करना है.

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हमेशा गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व किया है. गुरुजी के नेतृत्व में अलग राज्य की लड़ाई लड़ी गयी, हमें अलग राज्य भी मिला. राज्य के लोगों ने सोचा कि अब हमारा सर्वांगीण विकास होगा.

लेकिन राज्य का विकास चुनी ही सरकार द्वारा ही संभव हो सकता है. यह दुर्भाग्य था कि राज्य बनने के बाद राज्य की बागडोर जिनके हाथों में थी, उन्हें यहां के आदिवासियों-मूलवासियों, झारखंडवासियों से कोई मतलब नहीं था.

विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बोलने वाले दल को हराने का काम किया

आज राज्य की जनता के आशीर्वाद और झामुमो के जुझारु सिपाहियों की मेहनत की बदौलत हमने अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बोलने वाले दल को हराने का काम किया है. राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनने का आशीर्वाद हमें मिला है. यहां यह आप सभी साथी भी महसूस कर रहे होंगे कि आज हमारे महाधिवेशन में पूर्व से बेहतर भव्यता है, इसी प्रकार हमें राज्य के लोगों के लिए भी दिन-रात काम कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है.

कल्पना सोरेन को झामुमो की नई जिम्मेदारी, बढ़ा राजनीतिक कद, बनेंगी कार्यकारी अध्यक्ष

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की कार्यकारी अध्यक्ष कल्पना सोरेन बनेंगी. जानकारी के अनुसार, मंगलवार को इसकी विधिवत घोषणा की जा सकती है. कल्पना सोरेन गांडेय से विधायक हैं और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं.

कल्पना सोरेन की राजनीतिक पहचान

कल्पना सोरेन ने लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी राजनीतिक सूझबूझ का परिचय दिया. उन्होंने मुश्किल दिनों में झामुमो के संगठन को संभाला और लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व किया.

संगठन में बढ़ेगी भूमिका

कल्पना सोरेन को संगठन के अंदर अहम जिम्मेवारी देने की तैयारी है. पार्टी की कोशिश होगी कि कल्पना सोरेन के सहारे संगठन को मजबूत किया जाए, खासकर आधी आबादी के बीच कल्पना सोरेन को आगे करके पार्टी अपनी पैठ मजबूत कर सकती है.

ब्रीफ न्यूज

सलमान खान को धमकी- लिखा घर में घुसकर मारेंगे, कार भी उड़ा देंगे

मुंबई(एजेंसी) : फिल्म अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर धमकी मिली है। बता दें कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से कथित तौर पर खान को कई बार धमकी दी जा चुकी है। बीते साल एक्टर के आवास पर गोलीबारी के मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि इस नई धमकी के संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल, आरोपी का पता नहीं चल सका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई परिवहन विभाग के वॉटसऐप नंबर पर मैसेज आया था। संदेश में एक्टर खान को घर में घुसकर मारने की धमकी दी गई थी। साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी। वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। फिलहाल, पुलिस ने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है। काला हिरण केस के कारण निशाने पर? बिश्नोई गैंग की तरफ से कथित तौर पर काला हिरण मारे जाने को लेकर सलमान को कई बार धमकी मिल चुकी है। मामला 1998 का है। साल 2024 में भी एक्टर को धमकी मिली थी, जिसमें मंदिर जाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने या 5 करोड़ रुपये देने की मांग की गई थी। बीते साल 30 अक्तूबर को खान से 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी।

चीन के दुकान में आग लगने से आठ लोगों की मौत

कुनमिंग, (एजेंसी) : चीन के युन्नान की प्रांतीय राजधानी कुनमिंग के चेंगगोंग जिले में एक दुकान में भीषण आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गयी।

स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। इस बीच आग में दुकान में रखे कई सामान जल कर खाक हो गये। सूचना प्राप्त होते ही अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूत्रों के अनुसार अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मुर्मु, धनखड़, मोदी और अन्य नेताओं ने अंबेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली (एजेंसी) : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य गणमान्य हस्तियों ने सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, पीयूष गोयल, सांसद एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य नेताओं ने भी डॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

इससे पहले श्री मोदी ने अपने पोस्ट पर कहा, हमें सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर नमन करता हूं।

उन्होंने आगे कहा, उनकी प्रेरणा के कारण ही आज देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से लगा हुआ है। उनके सिद्धांत और आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को शक्ति और गति प्रदान करेंगे। चौदह अप्रैल को अंबेडकर जयंती भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक बी.आर. अंबेडकर की स्मृति में मनायी जाती है। बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर ने समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के खिलाफ सामाजिक और जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए जीवन भर दृढ़ता से काम किया। एक साधारण शुरूआत से वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री बने। उन्हें 1990 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

अंबेडकर जयंती पर संसद भवन परिसर में बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

नई दिल्ली(एजेंसी) : नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि संविधान निमार्ता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर समेत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत प्रमुख नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

राजधानी दिल्ली स्थित संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सहित अनेक प्रमुख नेताओं ने बाबासाहेब को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर बौद्ध भिक्षुओं की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण हुआ और नेताओं ने उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। संसद भवन का यह दृश्य आज संविधान की आत्मा और समानता के संदेश से ओतप्रोत रहा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को संबोधित करते हुए लिखा, कि हमारे संविधान के निमार्ता बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने आगे कहा, बाबासाहेब ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अपनी असाधारण प्रतिभा से दुनिया में सम्मान प्राप्त किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने संघर्ष और समर्पण से जो मुकाम हासिल किया, वह आज भी सभी को प्रेरित करता है। वह केवल संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षक, कानूनविद और समाज सुधारक भी थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए लिखा, सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत और आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत के उनके विचार आज भी हमारे पथप्रदर्शक हैं।

डॉ. आंबेडकर की जयंती के अवसर पर देशभर में रैलियों, संगोष्ठियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं।

सभी उपेक्षित आंबेडकरवादी बनें : मायावती

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश के सभी दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और अन्य उपेक्षित वर्गों को वास्तव में मिशनरी आंबेडकरवादी बनना होगा।

डॉ आंबेडकर के विचार लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता शेष पृष्ठ-4.....

अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस ने बनाई मानव श्रृंखला, संविधान को जोड़े रखने का दिया संदेश

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची। प्रदेश कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी. राजधानी रांची के अंबेडकर चौक से राजेंद्र चौक तक आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथ में संविधान लेकर बाबा साहेब को याद किया. इस दौरान संविधान रक्षा को लेकर आकर्षक झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहा. इस कार्यक्रम के जरिए संविधान और सामाजिक न्याय के प्रतिबद्धता को कांग्रेस ने दर्शाया.

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू ने किया नेतृत्व

कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस मानव श्रृंखला ने संविधान को एक दूसरे के साथ जोड़े रखने का संदेश दिया है.

उन्होंने कहा कि आज के दिन हाथ में संविधान और मन में अधिकार पाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा. राज्य में एससी-एसटी, पिछड़ा व अल्प संख्यक समाज के अधिकार पर लगातार हमला हो रहा है . संविधान के तहत मिले अधिकार को खत्म करने की साजिश रची जा रही है. उन्होंने कहा कि ऐसे तमाम साजिश के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करना होगा.

ये कांग्रेस नेता रहे मौजूद

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, नेता विधायक दल प्रदीप यादव, राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम,युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव,गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो और शहजादा अनवर,महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे.

संक्षिप्त खबर

लाभुकों के बैंक खाते में भेजी गई किस्त, बनाएं आवासः उपायुक्त

किसी को भी बैंक खाते का नहीं दें एटीएम, अपूर्ण आवासों को पूरा कराएं

अबुआ आवास योजना का मामला, वित्तीय वर्ष 2024 25 के 3079 लाभुकों को भेजी गई राशि

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के अबुआ आवास योजना (एएवाई) के लाभुकों को वित्तीय वर्ष 2024झ25 के द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान किया। उन्होंने योजना के लाभुकों से अपील किया है कि वह योजना के किस्त (राशि) को अन्यत्र खर्च नहीं करेंगे। वह अपने आवास का निर्माण शुरू करें एवं अपूर्ण आवासों को पूरा करने के दिशा में काम करें। उपायुक्त ने लाभुकों से कहा कि वह अपने बैंक खाते का एटीएम कार्ड किसी दूसरे को नहीं दें। किसी बिचौलियां के चक्कर में नहीं आएं। अगर कहीं कोई दिक्कतझपरेशानी होती है, तो आवास समन्वयक, अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से संपर्क करें। जानकारी हो कि, अबुआ आवास योजना (एएवाई) के तहत, वित्तीय वर्ष 2024झ25 के कुल 3,079 लाभुको के बीच द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि भेजी गई है। जिसमें 2,349 लाभुकों के बीच द्वितीय किस्त की 11,74,50,000 राशि एवं 730 लाभुकों के बीच तृतीय किस्त की 7,30,00,000 रुपए राशि भेजी गयी है।

उपायुक्त ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : अंबेडकर जयंती के अवसर पर समाज को जोड़ने और एक दूसरे की मदद करने का लें प्रण।उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिलावासियों को अंबेडकर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर जी का जन्मदिवस है। भारत रत्न, संविधान निमार्ता, एक महान क्रांतिकारी, विधि विशेषज्ञ एवं समाज सुधारक के साथ देश को एक सूत्र में पिरोये रखने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जिसमें समाज के सभी जाति एवं पिछड़े वर्गों को विकास के समान अवसर दिए गए हैं। इस साल हम सभी बाबा साहेब की 134 वीं जयंती मना रहे हैं। साथ ही बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए पथ पर चलते हुए महिलाओं के उत्थान और शिक्षा का समान अवसर बेटियों को मिले इस दिशा में हम सभी को मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। बाबा साहेब के विचार और आदर्श हमेशा समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं।राष्ट्र के निर्माण में उनके संघर्षों एवं मूल्यों का अहम योगदान है।उनके विचार को आत्मसाथ करते हुए न सिर्फ एक आदर्श व्यक्ति बल्कि एक उत्कृष्ट एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है ।बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहेब की अद्भुत प्रतिभा, ज्ञान एवं आदर्शों को दुनिया हमेशा याद रखेगी ।

दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे झारखण्ड सरकार : निर्मल झुनझुनवाला

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : पिछले 25 वर्षों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं किंतु जेबीवीएनएल आज भी हल्की सी बारिश होने या बिजली के चमकने से या बादलों की आवाज होने से गिरिडीह के शहरी क्षेत्र में भी विद्युत आपूर्ति बंद हो जाना और बारिश रुकने के घंटों बाद तक फॉल्ट खोजने और फॉल्ट रिपेयर के नाम पर बिजली आपूर्ति बाधित रहना यह दशार्ता है कि करोड़ों रुपए फिजूल में खर्च हुए हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से निवेदन है कि इस खर्च की किसी निष्पक्ष एजेंसी से सोशल ऑडिट कराई जाए और यह हजारों करोड़ रुपए कहां खर्च हुए और इससे क्या लाभ हुआ, क्योंकि इतने खर्चे के बाद 25 वर्षों के बाद भी वही पुरानी स्थिति का कायम रहना निश्चित रूप से बड़ी ही निर्ममता और निर्भीकता से जनता के पैसे का दुरुपयोग हुआ है, यह बंद आंखों से भी दिखाई देता है।इसे पता कर अनियमित करने वाले दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें झारखण्ड सरकार।

बाबा साहेब की प्रतिमा पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया माल्यार्पण

देशवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामना दी

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः गिरिडीह जिले में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अंबेडकर भवन और शहर के अंबेडकर चौक स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देशवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सुरक्षित है। जहां संविधान का राज चल रहा है। बाबा साहब का जो सपना था कि देश को शिक्षित बनाना है महिलाओं को बराबरी का अधिकार देना है उस पर प्रधानमंत्री लगातार काम कर रहे हैं। आपको बता दें कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले के सभी जगहों पर उत्सव का माहौल है और जगह-जगह पर विभिन्न संगठनों द्वारा माल्यार्पण कर अंबेडकर जयंती मनाया जा रहा है।

उपायुक्त ने बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के चित्र पर किया माल्यार्पण

बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वी. जयंती के अवसर पर सोमवार को उपायुक्त के गोपनीय कार्यालय परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर उपायुक्त विजया जाधव समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मौके पर उपायुक्त विजया जाधव ने आमजनों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कहीं। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एलआरडीसी चास प्रभास दत्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रामप्रवेश राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी चास डॉ. प्रदीप कुमार, अंचलाधिकारी चास दिवाकर दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीडीएमओ श्री शक्ति कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे, परियोजना पदाधिकारी मानिकचंद प्रजापति सहित अन्यों ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

सफाई कर्मियों को उनका अधिकार दिलाना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : कुमार अमित

बोकारो के सफाई कर्मियों की एकता से हीं मिलेगा उनका अधिकार :राकेश

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने मनाई बाबा साहब की जयन्ती

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ बोकारो जिला के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती सेक्टर 4 मैदान में मनायी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संघ के जिला संरक्षक कुमार अमित ने कहा कि बोकारो के बीएसएल और चास नगर निगम सहित अन्य संस्थानों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को उनका अधिकार दिला कर उनके जीवन

स्तर को बेहतर बनाना हीं बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार राम ने सभी सफाई कर्मचारियों से इस संघ को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार राम, जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार आनंद, महानगर अध्यक्ष कृष्ण कालिंदी, महासचिव जीतू कालिंदी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, चंद्रप्रकाश, लालबाबू, संजीव रजवार, मनोज कुमार, राम, महासचिव कुंदन कालिंदी, विनोद, जितन कुमार के अलावे बड़ी संख्या में पुरुष और महिला सफाई कर्मचारी भी उपस्थित रहीं।

बोकारो जिले में अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू

अग्नि सुरक्षा को लेकर विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का दिया निर्देश

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : जिले में अग्निशमन सेवा सप्ताह 2025 के तहत सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने विभिन्न तरह के आगजनी में आग से बचाव को लेकर जानकारी दी। वहीं, उपायुक्त ने सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न विद्यालयों, कारखाना परिसर, अस्पताल आदि में आगजनी के समय राहत व बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी वरीय पदाधिकारियों/कर्मियों को अग्निशमन सेवा सप्ताह का स्टीकर (बैच) लगाया। मौके पर उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने अग्नि प्रभावित पीड़ितों के सहायता के लिए अग्निशमन टीम द्वारा संग्रह किए जा रहे अनुदान पेटी में

अपना-अपना सहयोग राशि दिया।

गिरिडीह में मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मर्सी का भव्य शुभारंभ

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः अब गिरिडीह के मरीजों को इलाज के लिए रांची, धनबाद या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना होगा।गिरिडीह के पहलेमल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल मर्सी का उद्घाटन झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के कर कमलों द्वारा किया गया। यह हॉस्पिटल न केवल गिरिडीह के लोगों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग यहां इलाज कराने का रुख करेंगे। इस अवसर पर श्री सोनू ने कहा कि इमर्सी हॉस्पिटल गिरिडीह और संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीद है। यहां पर उपलब्ध सुविधाएं मरीजों को बड़े शहरों जैसी चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगी। गौरतलब है कि पूरे झारखंड में प्रसिद्ध डॉ. स्वर्गीय अमित गॉड ने यह सपना देखा था कि गिरिडीह के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिले। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने अथक प्रयास किए और इसे हकीकत के करीब पहुंचा दिया। लेकिन उद्घाटन से ठीक पहले उनके अचानक निधन ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को अस्थायी रूप से रोक दिया। हालांकि, स्वर्गीय डॉ. के परिवार और हॉस्पिटल के निदेशक रंजीत कुमार, सुमित कुमार,नीरज शाहबादी, विश्वजीत सिंह, गुड्डु सिंह साहिल सलूजा ने उनके अधूरे सपने को पुनर्जीवित कर उसे साकार किया और यह ऐतिहासिक दिन उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बन गई। मर्सी हॉस्पिटल के सीईओ संजीत नायक ने बताया कि अस्पताल की शुरूआत तीन चरणों में की जाएगी। पहले चरण में ओपीडी सेवाएं, अत्याधुनिक जांच सुविधाओं के साथ डायलिसिस, संपूर्ण चिकित्सा विभाग, सीटी स्कैन, टीएमटी सहित कई अन्य सेवाएं शुरू की गई है। दूसरे चरण में इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, शिशु आईसीयू, व्यस्क आईसीयू, प्रसूती विभाग, एंडोस्कोपी एवं अन्य सर्जरी सेवाएं शुरू की जाएंगी। तीसरे चरण में कार्डियोलॉजी, एंजियोग्राफी, हार्ट कैथ लैब जैसी उन्नत सेवाएं पूरी तरह से प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी पूरी टीम का प्रयास रहेगा कि मरीजों को समय पर बेहतर इलाज और सेवा मिले, जिससे उन्हें बाहर जाने की जरूरत न पड़े। मर्सी हॉस्पिटल गिरिडीह के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय रचेगा। उद्घाटन समारोह में शहर के कई प्रशासनिक पदाधिकारी, राजनीतिक दल के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता, प्रेस के साथीगण, गणमान्य नागरिक, डॉक्टर्स, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई प्रधानाचार्य आनंद कमल ने अंबेडकर जी के समक्ष दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर भैया अंश राज,दिवेश मिश्रा ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि भारत के इतिहास में कुछ ऐसे महान लोग हुए जिन्होंने समाज की दिशा और दशा को पूरी तरह से बदल दिया।भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर ऐसा ही एक नाम है जिनका जीवन भारत में समानता,स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को समर्पित था। उन्होंने लोगों को शिक्षित बनो, संगठित रहो,संघर्ष करो का नारा बुलंद किया था।उनके सम्मान और याद में हम सभी 14 अप्रैल को पूरे देश में उनकी जयंती मनाते हैं। यह केवल एक व्यक्ति की जयंती नहीं बल्कि एक आंदोलन की याद है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र लाल बरनवाल,दिनेश सिंह,निलेश कुमार,गौरव मुखर्जी एवं आचार्य दीदी की सराहनीय भूमिका रही।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, रांची के आदेश पर आम नागरिको की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु गिरिडीह जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 16 अप्रैल को किया जाना है। 16 अप्रैल को समय 11:00 बजे गिरिडीह जिला के नगर भवन गिरिडीह, डुमरी अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी का कार्यालय परिसर, बगोदर सरिया अनुमंडल के औरा पंचायत भवन तथा खोरीमहुआ अनुमंडल के धनवार थाना परिसर में जनशिकायत सामाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में गिरिडीह जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत सामाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिसका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा, उस निर्धारित समयावधि के अन्दर प्राप्त शिकायत का निष्पादन किया जाएगा.

बाबूलाल मरांडी का शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : तिसरी अंचल कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसान जनता पार्टी के सदस्यों ने नीलम कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को धनवार विधायक सह झारखंड राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का पूरे विधि विधान के साथ शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। किसान जनता पार्टी के संयोजक दासो मुर्मू ने कहा कि वर्ष 2022 में अंबेडकर चौक गिरिडीह में रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति की मांग को लेकर जब हम किसान धरना दे रहे थे तब किसानों के धरना स्थल पर जाकर धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने लंबा चौड़ा भाषण देते हुए रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति हर हाल में गिरिडीह जिला के सभी किसानों को दिलाने का वादा किए थे और पूरी वाहवाही और तालियां बटोरे थे। लेकिन उसके बाद बाबूलाल मरांडी हम आंदोलनरत किसानों का कभी सुध नहीं लिए। आंदोलनरत किसानों की ओर से किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने बाद में रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति किसानों को दिलवाने हेतु झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर किया। झारखंड उच्च न्यायालय ने

27 फरवरी 2024 को उक्त रिट याचिका में आदेश पारित कर गिरिडीह जिला के सभी मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित चार सप्ताह के अंदर याचिकाकर्ता अवधेश कुमार सिंह को उपलब्ध कराने का आदेश, झारखंड सरकार, उपायुक्त गिरिडीह और अपर समाहर्ता गिरिडीह को दिया। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में अपर समाहर्ता गिरिडीह ने भी अपने कार्यालय के पत्रांक 1854/2024 के माध्यम से गिरिडीह जिला के सभी अंचल अधिकारी को रजिस्टर टू की सत्यापित प्रति देने का आदेश दिया। झारखंड उच्च न्यायालय एवं अपर समाहर्ता गिरिडीह के आदेश के आलोक में जमुआ, बगोदर और गांडेय अंचल में दनादन रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति दिया जा रहा है। पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के गृह अंचल तिसरी में रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं दिया जा रहा है। जबकि तीसरी अंचल के किसानों को रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने हेतु तिसरी अंचल में दो - दो बार शुल्क भी जमा ले लिया गया है। शुल्क जमा लेने के बावजूद भी रजिस्टर टू की सत्यापित प्रति तिसरी अंचल अधिकारी द्वारा नहीं दिए जाने के वजह से तिसरी अंचल के किसान विगत 14 महीना से आंदोलन कर रहे हैं पर बाबूलाल मरांडी एक बार भी आंदोलनरत किसानों की सुध नहीं ली जिस वजह से हम पीड़ित आदिवासी मूलवासी किसानों ने बाबूलाल मरांडी का शव यात्रा तिसरी ब्लॉक परिसर से निकाल कर तिसरी बाजार में घुमाया और वापस तिसरी ब्लॉक परिसर में आकर बाबूलाल मरांडी का पुतला दहन किया। पुतला दहन के बाद किसानों ने कहा कि जो विधायक अपने गांव पंचायत और ब्लॉक का जिम्मेवारी संभालने के काबिल नहीं है। वह पूरे झारखंड राज्य का नेता प्रतिपक्ष है। इससे बड़ा झारखंड का दुर्भाग्य क्या हो सकता है। बाबूलाल मरांडी जैसे निकम्मे नेता के हाथ में झारखंड में भाजपा की कमान होने के वजह से भाजपा की यह दुर्गति हो रही है।

अभी भाजपा 22 सीट पर है।आगामी चुनाव के बाद 2 सीट भी भाजपा जीत नहीं पाएगी। विधायक बाबूलाल मरांडी के शव यात्रा और पुतला दहन कार्यक्रम में बद्दु मरांडी, छत्रधारी सिंह, जहांगीर अंसारी, लालिया देवी, सुनीता मरांडी, सबीना हेंब्रम, मुंशी मुर्मू, मालती देवी मुकेश राय, तालों हेंब्रम, रघु मुर्मू, मदन तुरी,सांझली मरांडी, दहनो देवी ,रनिया टुडू दशमी बास्के, संजीव हंसदा, सलोनी हेंब्रम, घाटू हेंब्रम, सुरेश हेंब्रम, दासो मरांडी, जागो मुर्मू, संतोष बास्के , मालती सोरेन, मुन्नी हंसदा, बड़की हेंब्रम, सुनीता मरांडी, मोनिका चेसरा, संतोषी मरांडी, बसंती टुडू, छोलो सोरेन, देना टुडू, छोटकी हंसदा, बुधनी मुर्मू, रशमी टुडू, महासुनि मुर्मू, विशना मरांडी, जीतन हेंब्रम, पाने हेंब्रम, संजीव हंसदा, सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

बोकारो में रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान के काव्योत्सव में जुटे तीन राज्यों के साहित्यकार

पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन के भव्य आयोजन का साक्षी बना बोकारो, समाज को सही दिशा दिखाने में साहित्य की महती भूमिका : बिरंची नारायण

अरुण पाठक

बोकारो : राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान के तत्वावधान में अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, सेक्टर 5 के सभागार में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह व काव्योत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार, राय बरेली, उत्तर प्रदेश से आए रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविन्द गजब, राष्ट्रीय महासचिव व कार्यक्रम संयोजक बोकारो की कवयित्री करुणा कलिका एवं आयोजन के सह-संयोजक व कार्यक्रम अध्यक्ष अरुण पाठक ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के बाद संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर साझा काव्य संकलन नवल काव्य रश्मियां व ज्योतिर्मयी डे राणा की पुस्तक भारत के माथ की बिंदी का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि बिरंची नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को सही दिशा दिखाने में साहित्य की महती भूमिका है। कवि अपनी रचनाओं में मानवीय संवेदना को सुंदर अभिव्यक्ति देते हैं।

इस तरह के आयोजन से कवियों को मंच मिलता है, वहीं श्रोताओं को अच्छी कविताओं के रसास्वादन का अवसर मिलता है। उन्होंने इस सुंदर आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दी और भविष्य में और ऐसे आयोजन करते रहने का आग्रह किया।मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का सम्मान आयोजक संस्था के पदाधिकारियों ने किया। तत्पश्चात काव्योत्सव में शामिल कवि कवयित्रियों के साथ ही कुछ अन्य साहित्यकारों डॉ एन के राँय, गीता कुमारी गुरुताख, अमृता शर्मा, ब्रह्मानंद गोस्वामी, गंगेश कुमार पाठक, कनक लता राय, स्मिता प्रसाद व अनिल कुमार श्रीवास्तव को मुख्य अतिथि बिरंची नारायण, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार, उप प्राचार्य सुरेश नायर व उप प्राचार्य राज लक्ष्मी ने सम्मानित किया।इस काव्योत्सव में बोकारो सहित उत्तर प्रदेश, बिहार व झारखंड के कई शहरों के साहित्यकार शामिल हुए। उद्घाटन सत्र के बाद तीन सत्रों में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें डॉ. आशा पुष्प, ज्योतिर्मयी डे राणा, डॉ. गोविन्द गजब, अर्चना अश्क मिश्रा, ऋचा प्रियदर्शिनी, करुणा कलिका, अरुण पाठक, दीप्ति माये निशंक, आरफा साएमीन, रीना यादव, क्रांति श्रीवास्तव, माला, सोनी कुमारी, सुप्रिया कुमारी सरस, शीला तिवारी, मीना बंधन, सुधा रानी, प्रियंका श्रीवास्तव शुभ्र, जयन्ती सिंह, कस्तूरी सिन्हा, कल्पना झा, शैलजा झा, नीलम झा, दीप्ति झा, निशा गुप्ता नयन, रिंकू गिरि रतन ने मानवीय संवेदना, अंबेडकर जयंती, पर्व- त्यौहार, देशभक्ति, श्रृंगार व हास्य रस के काव्य पाठ से श्रोताओं को आनंदित किया। तीन सत्रों में आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता क्रमशः डॉ. आशा पुष्प, ऋचा प्रियदर्शिनी व अरुण पाठक ने की तथा संचालन मंच संचालन डॉ. गोविन्द गजब व करुणा कलिका ने किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए करुणा कलिका व अरुण पाठक ने आयोजन में सहयोग के लिए श्री अय्यप्पा स्कूल प्रबंधन व आयोजन में शामिल सभी साहित्यकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रभात कुमार, डॉ. राकेश रंजन, शंभु झा, एसके झा, रमण चौधरी, रागिनी सिन्हा अंबठ, अर्चना चौधरी, केएन सिन्हा, अंकित उपाध्याय सहित काफी संख्या में काव्य प्रेमी श्रोता उपस्थित थे।

Page 3_Page 3.qxd 4/14/2025 10:46 PM Page 1

संक्षिप्त खबर

केएसजीएम कॉलेज में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनी

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

निरसा : केएसजीएम कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई. सर्वप्रथम प्राचार्य संजय सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया.इसके बाद टोली के साथ कॉलेज परिसर से निरसा हटिया मोड तक प्रभात फेरी निकाली गई. संजय सिंह ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का देश के संविधान निर्माण में अहम भूमिका रही.वे सामाजिक समरसता के हितैषी थे. अंबेडकर ने समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान को लेकर सजग रहे. हमें उनके बताएं मार्ग का अनुसरण करते हुए उस पर चलना चाहिए.उक्त अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. टिकट मांझी, प्रो एम आलम, प्रो.कामिनी सिंह, प्रो रितेश कुमार तिवारी, प्रो रमेश कुमार भट्ट, धीरज मिश्रा, किंगकर मंडल, विशेश्वर मरांडी,कोमल कुमारी महतो, प्रीति सिंह, चांदनी कुमारी, सामान अली,एम मोहम्मद, तसवार अली, नीलम कुमारी, शिवती प्रसाद, मनीषा सरकार, आशुतोष कुमार गोंड, अंजली कुमारी हेल,सुरजीत मिश्रा के साथ कॉलेज के सभी कर्मचारी वह छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

कतरास कोयलांचल में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

कतरास कांग्रेस कार्यालय पर भी बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

कतरासः कतरास कोयलांचल में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती सोमवार को विभिन्न स्थानों पर मनाई गई. राजगंज रोड स्थित कांग्रेस प्रधान कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर का जंयती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बाबा साहेब के चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर जिला महासचिव माधो सिंह,रोहित वही,विनोद शर्मा, बीस सूत्री सदस्य सुदेश दास,सेवा दल के वरिष्ठ नेता राजा राम यादव,शौकत खान, नगर अध्यक्ष रंजित पांडेय,मंडल अध्यक्ष अजय कुमार पासवान,कांग्रेस का वरिष्ठ नेता रोबिन पाल ,मुकेश पासवान, कारू भुइयां, शिवेश सिन्हा,विनोद महतो,मनीष केशरी,भोलू केसरी,रिंकू केशरी,गुड्डु ,निजाम अंसारी,रामजी कुंभकार,मानिक दास आदि मौजूद थे.

कतरास अंचल भाकपा माले ने गुहीबांध में डॉ. अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

कतरास : भाकपा-माले कतरास अंचल कमेटी के द्वारा सोमवार को गुहीबांध बस स्टैंड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई. श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता अंचल सचिव अधिवक्ता भैरवनाथ महतो ने किया. सभा को संबोधित करते हुए पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर ने दलित, पीड़ित , शोषण वर्ग,को आह्वान किया था कि शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो. आज उनके बताएं रास्ते में चलकर संविधान की रक्षा अमन चैन की रक्षा हम कर सकते हैं. सांप्रदायिक ताकत केंद्र की मोदी सरकार आज भाईचारा को और संविधान को बदलकर आरएसएस द्वारा काल्पनिक हिंदू राष्ट्र के सपना को साकार करने का प्रयास कर रहा है. सभा को भाकपा माले वरिष्ठ साथी कार्तिक महतो, रामेश्वर साव, कपूर पंडित, मानिक महतो, रॉबिन महतो, चंदन महतो, ठाकुर महतो,मनपुरण महतो, नागेंद्र वर्मा, सागर कुमार वर्मा, शंकर प्रजापति, बजरंगी प्रजापति, कृष्ण प्रजापति, सुष्टिधार महतो, शानो शर्मा आदि शामिल थे.

राजनीति मे सरलता व सिद्धांत के प्रतीक थे गुरूदास चटर्जी : विजय झा

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

निरसा : विधाडा के पूर्व चैयरमैन सह प्रसिद्ध समाजसेवी विजय झा शहीद कॉमरेड गुरूदास चटर्जी के शहादत दिवस पर देवली पहुंचकर उनके आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया. मौके पर विजय झा ने कहा कि शहीद गुरूदास चटर्जी ने हमेशा समझौता विहीन और सुविधा विहीन राजनीति की बुनियाद खड़ी की थी, निरसा से तीन बार विधायक रहे. गुरूदास चटर्जी ने आजीवन चार पहिया वाहन नही खरीदा, चमक - धमक और दिखावे के राजनीति से हमेशा दुर रहे. लालू सरकार मे मंत्री पद का ऑफर मिलने पर हँसते - हँसते कहा था की हम जाति से तो ब्राह्मण है, विचार से वामपंथी है, जिस घर मे जायेंगे, वहीं दो वक्त का भोजन मिल जायेगा. श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कॉमरेड हलधर महतो, कॉमरेड गणेश चौरसिया, कॉमरेड सम्राट चौधरी सहित मंडल समाज के केन्द्रीय महासचिव गौतम मंडल आदि शामिल थे.

मूसलाधार बारिश से कतरास गौशाला पुल हुआ जलमग्न, जाम से वाहनों की लगी लंबी कतार

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

कतरास : कतरास में मूसलाधार बारिश के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया है.नालियों का पानी सड़क पर बह रही है. शहर में नगर निगम द्वारा बन रहे नालियों की पोल खुल गई है. नाली निर्माण के नाम पर केवल लूट हो रहा है.वहीं एन एच 32 कतरास गौशाला पुल की स्थिति काफी बदत्तर है. बारिश होने पर पुल के नीचे पानी का जमाव हो जाता है, जिससे आम राजगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, आज गौशाला पुल के दोनों छोर वाहनों की लंबी कतार लग गयी. कई वाहन पानी के कारण पुल पर ही फंस गए. गौशाला पुल के नीचे पानी इतना भर जा रहा है कि वाहन चालक जैसे ही अपनी वहां को पार करते हैं उनकी गाड़ी का स्टार्ट बंद हो जाता है क्योंकि पानी का लेवल इतना ऊपर आ जाता है कि इंजन उसके चपेट में आ जा रहा है. करोड़ों की लागत से बना या पुल वाहन चालकों के लिए सिर दर्द साबित हो रहा है.एन एच 32 के निर्माण करने वाले कंपनी पुल बनाने के वक्त इसका ध्यान ही नहीं दिया. अगर ध्यान दिया होता तो आज यह स्थिति नहीं होती.पुल के नीचे जल जमाव होने से वाहन चालकों में काफी रोष बना हुआ है.

बस्ताकोला में डॉ. अंबेडकर के प्रतिमा पर भाजपा के वरीय नेताओं ने अर्पित की श्रद्धा सुमन

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : संविधान निमार्ता बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने झरिया विधानसभा अंतर्गत बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की. इस अवसर पर विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि बाबासाहब का जीवन उनका संघर्ष और उनके विचार हम सभी को संविधान के प्रति अटूट निष्ठा रखने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने व एक न्यायपूर्ण समानतापूर्ण भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रेरित करते हैं.इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार राय, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सहित कई अन्य मौजूद थे.

निरसा सिंदरी मोड़ स्थित हाईव टर्न को अंचल अधिकारी ने अंबेडकर चौक के नामकरण की घोषणा की

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

निरसा : डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच के द्वारा आयोजित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जयंती पर निरसा सिंदरी मोड़ के आगे हाईव टर्न स्थान को आज से अंचल अधिकारी के द्वारा अंबेडकर चौक के नामकरण की घोषणा की गई.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरसा आंचल अधिकारी रमेश रविदास, निरसा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल शर्मा , जिला परिषद सदस्य श्री पिंटू सिंह , जिला परिषद सदस्य क्षेत्र संख्या(8) श्रीमती दीपाली रोहिदास, टुंडी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी विकास कुमार महतो,सुरेश रविदास,राहुल पांडे , रंजीत पासवान, विपिन पासवान केएन पोद्दार , पुनेंदु मालाकार, राजा भुइयां किशोर गुप्ता , मुन्ना ठाकुर , सजल दास उज्जवल मालाकार एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

शहीद कॉमरेड गुरुदास चटर्जी के 25 वां शहादत दिवस पर उमड़े कार्यकर्ता, हजारों की संख्या में हुए देवली रवाना

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

निरसा : स्वर्गीय कामरेड गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस पर सोमवार 14 अप्रेल को हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मोटरसाईकिल, कार, टेम्पू व बस के माध्यम से देवली के लिए विधायक अरुप चटर्जी के नेतृत्व में रवाना हुए.इसके पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने मुगमा पार्टी आफिस, निरसा पार्टी आफिस में शहीद कामरेड गुरुदास चटर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण की.उसके बाद सभी कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. रैली के दौरान सभी कार्यकर्ता माथे पर भाकपा माले की पट्टी बांधे हुए गुरुदास चटर्जी अमर रहे के नारे लगाते हुए निकले.

इस दौरान विधायक अरुप चटर्जी ने कहा की स्वर्गीय कामरेड गुरुदास चटर्जी का 25 वां शहादत दिवस मनाया जा रहा है. 25 साल पहले जब धनबाद से पार्टी का मीटिंग कर वापस लौट रहे थे, तभी देवली में भू माफियाओं द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी. अपने चहेते नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए शहादत स्थल में हजारों कार्यकताओं की भारी जुटान रहीं. विधायक ने कहा कि उनके बताये गए मार्ग पर चल रहे है आगे भी चलते रहेंगे.

अलकडीहा पतालेश्वर महादेव मंदिर में चड़क पर्व का भव्य आयोजन

पर्व में उमड़ी भीड़, भक्तों ने कील चुभवाकर दिखायी अपनी श्रद्धा

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : अलकडीहा पतालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चड़क पर्व के अवसर पर शिव भक्तों ने अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के आसपास के शिव भक्त अपने परिवार और कुटुंब के साथ नाचते-गाते और गाजे-बाजे के साथ मंदिर पहुंचे। कील चुभवाने की परंपरा लगभग 50 भक्तों ने लोहे के कील अपनी जीभ, दोनों बाजू, छाती, पीठ और घुटने में चुभवाए। कील चुभवाने के बाद भक्त 30 फीट ऊंचे खंभे पर घूमते हैं, जो अपनी तरह का एक अनोखा और चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन है। इस पर्व के माध्यम से शिव भक्त अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन करते हैं और भगवान शिव

की पूजा करते हैं। तिसरा पर्व अलकडीहा पतालेश्वर महादेव मंदिर की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जो भगवान शिव की पूजा और आस्था से जुड़ी हुई है। यह पर्व क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो लोगों को एकजुट करता है और उनकी आस्था को मजबूत करता है। हजारों के संख्या में उपस्थित महिलाए पुरुष बच्चे प्रसाद व रकम ग्रहण कर अपने आप को धन्य समझते हैं। मंदिर प्रांगण भीड से खचा खच भरे भक्त द मेला का आनन्द लेते हुए भोले नाथ का जैकारा लगाते है।मंदिर के पुजारी विकास ठाकुर,संदीप शास्त्री, नविन ठाकुर, राहुल मुखर्जी, अजय मुखर्जी व अन्य पुजारी परिवार के लोगों व मंदिर कमिटि के अध्यक्ष जयंती सिंह, चण्डी चरण मोदक, हीरालाल मोदक, दयामय मोदक, नेपाल महतो, मिंटू साव, जीतेन मोदक, पतित पावन मोदक, शुद्धेश्वर मोदक, दीपक मोदक आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

बंगाली समुदाय 15 अप्रैल को मनाएगा अपना नववर्ष पोइला वैशाख

नील कमल खवास

धनबाद : पूरा विश्व एक जनवरी को अंग्रेजी में नया साल मनाते है,लेकिन भारत एक ऐसा देश है,जहां एक जनवरी के अलावा और भी कई बार नया साल मनाया जाता है. भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय पर अपनी संस्कृति और परंपराओं के आधार पर नया साल मनाया जाता है.इसी तरह पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा असम, झारखंड और देश में रहने वाले सभी राज्य के बंगाली समुदाय के लोग अपना नया साल मनाते हैं. बांग्ला कैलेंडर के अनुसार,चैत्र का महीना खत्म होते ही बैसाख का महीना शुरू हो जाता है. बंगाली समुदाय के लिए बैसाख माह का पहला दिन बहुत खास महत्व रखता है. इस दिन बंगाली समुदाय के नववर्ष की शुरूआत होती है. इस साल बंगाली नववर्ष 15 अप्रैल

2025 से शुरू होने जा रहा है. बंगाल में इसे पोइला बैसाख कहते हैं. प्राचीन बंगाल के राजा शोशंग को बंगाली युग के आरम्भ का श्रेय दिया जाता है. अंग्रेजी कैलेण्डर में बंगाली युग का प्रारम्भ लगभग 594 में होने का अनुमान है,इसीलिए पोइला बोइशाख से पूर्व गणना करने पर बंगाली वर्ष अंग्रेजी कैलेण्डर की तुलना में 594 वर्ष कम होता है. हालांकि,यदि पोइला बोइशाख के पश्चात देखा जाये तो यह 593 वर्ष कम है. पोइला बैसाख एक विशेष पर्व है जो पश्चिम बंगाल, झारखंड, त्रिपुरा असम और भारतवर्ष के कोने-कोने के सभी राज्य में बसा हुआ बंगाली समुदाय द्वारा मनाया जाता है. पोइला बैसाख यानी बंगाली नव वर्ष के पहले दिन लोग बहुत सारी तैयारी करते हैं. वह अपने घरों की साफ सफाई करते हैं. नए कपड़े खरीदते हैं. पूजा पाठ करते हैं और बहुत सारे पकवान भी बनाते हैं. यह बंगालियों के लिए एक खास पर्व है, जिससे वह पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं. इस साल पोइला बैसाख 15 अप्रैल 2025 यानि मंगलवार को है.

उम्र विवाद मामले में न्याय की मांग को लेकर सीमा का आंदोलन आठवें दिन भी जारी

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : कोलकर्मी सीमा कुमारी उम्र विवाद मामले को लेकर पिछले आठ दिनों से गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर भूख हड़ताल पर बैठी हैं। अब उन्होंने मंगलवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने का ऐलान किया है। सीमा कुमारी के समर्थन में सिंदरी विधायक बच्चू महतो उर्फ चंद्र देव महतो मंगलवार को गोलकडीह पहुंचेंगे और एक सभा को संबोधित करेंगे, जहां सीमा को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई का बिगुल फूंका जाएगा। उन्होंने कहा कि पिता के बदले में अनुकंपा के आधार पर सीमा को नौकरी मिली थी। 17 महीने काम करने के बाद केओसीपी प्रबंधन द्वारा उम्र विवाद का हवाला देकर काम से बैठा दिया गया है। जिसको लेकर सीमा आंदोलन कर रही है। और अब भूख हड़ताल करेंगी। सीमा के समर्थन में संयुक्त मोर्चा के लोग भी खड़े हो गए हैं। मौके पर प्रभास सिंह, आलोक सिंह, राजेंद्र पासवान, भगवान नोनिया, निर्मल बाउरी, निताई माजी, तुलसी रवानी, सुभाष महतो, देव रंजन दास, काली पद रवानी आदि शामिल है।

डीएवी बनियाहीर में डॉ. बीआर अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : डीएवी बनियाहीर विद्यालय में डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एजाज अहमद ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्रों ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा श्रद्धा सिन्हा ने डॉ. अंबेडकर के कार्यों को रेखांकित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्राचार्य एजाज अहमद ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समानता मूलक समाज के सपनों को साकार करना और समाज से ऊंच-नीच की भावना को समाप्त करना ही डॉ. अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

झारखंड बांग्ला भाषा संघर्ष समिति ने दिया शहीद कॉमरेड गुरदास चटर्जी को श्रद्धांजलि

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : सोमवार को देवली गोविंदपुर स्थित शहीद कामरेड गुरदास चटर्जी के शहादत स्थल पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर झारखंड बांग्ला भाषा संघर्ष समिति ने श्रद्धांजलि दिया.श्रद्धांजलि देने वाले में मुख्य रूप से सम्राट चौधरी, राणा चट्टराज, सुशोभन चक्रवर्ती, मिंटू दास, समीर मंडल,अशोक कुमार राय, कल्याण चक्रवर्ती, अशोक चटर्जी, कल्याण घोषाल, जयदीप बनर्जी,आदि लोग शामिल थे.

डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती अलकडीहा पंचायत के मुखिया कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान कमलदेव राम ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी को उनके जन्मदिन की बधाई दी। मुखिया प्रतिनिधि संजय दास ने डॉ. अंबेडकर को अपना आदर्श मानते हुए उनके दिए विचारों पर चलने की बात कही। डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने भारतीय समाज में समता, न्याय और नवजागरण की अलख जगाई। उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेकर हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। मौके पर रितेश मिश्रा, अर्जुन रावत, रूपेश चौहान, रितेश निषाद ,कुलदीप साव,गुप्तेश्वर साव महेश राम, बृजमोहन पासवान, तपन रजक ,सर्वेश पासवान आदि उपस्थित थे।

टाटा स्टील के झारिया डिवीजन में राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह की हुई शुरूआत

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह 2025 कि शुरूआत को लेकर सोमवार को जामाडोबा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में एक भावुक और प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने ध्वजारोहण किया.उन बहादुर अग्निशमनकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने अपने कर्तव्यों के निर्वाहन करते हुए

प्राणों की आहुति दे दी है.

सप्ताह भर चलने वाली इस गतिविधियों के अंतर्गत स्कूलों, अस्पतालों और आस-पास के क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सत्र और समुदाय को शामिल करने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. इस समारोह में सुब्रत दास (चीफ, जामाडोबा ग्रुप), बरुण कुमार बनर्जी (हेड सेफ्टी), सुजीत कुमार झा (सीनियर एरिया मैनेजर, सिक्योरिटी), रवि कुमार (सीनियर मैनेजर, सिक्योरिटी) और झरिया डिवीजन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. उनकी उपस्थिति ने डिवीजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति मजबूत और समर्पित दृष्टिकोण को और भी मजबूत किया.राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह हर साल 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है.

संक्षिप्त खबरें

वक्फ संशोधन कानून को केंद्र सरकार पुनः वापस ले नहीं तो जारी रहेगा लड़ाई : भाकपा माले

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती के मौके पर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने सोमवार को वक्फ संशोधन कानून लागू करने के विरोध में प्रतिरोध मार्च निकाला और केंद्र के एनडीए सरकार का जमकर विरोध जताया। भाकपा माले अंचल सचिव वीरेंद्र सन्याल के नेतृत्व व अध्यक्षता में पल्स टू राम सहाय हाई स्कूल के खेल मैदान से प्रतिरोध मार्च निकाली गई। यहां से निकला यह प्रतिरोध मार्च झंडाचौक, बड़ी देवी स्थान, रुपिन सेवरीनगर, मोरहे होते हुए प्रखंड मुख्यालय स्थित पहुंचा। डॉ. भीम राव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने सबसे बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद आयोजित वक्ताओं ने वक्फ संशोधन कानून को केंद्र सरकार के सांप्रदायिक व संविधान विरोधी बताया। साथ कहा कि उसे पुनः वापस ले नहीं तो भाकपा माले की सरकार से लड़ाई जारी रहेगा। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

फतेहपुर : बाबा साहब महान व्यक्तित्व के धनी थे

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): फतेहपुर प्रखंड के महादलित टोलों में सोमवार को जदयू प्रखंड अध्यक्ष रणविजय कुमार और भाजपा अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में जदयू व भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से समारोहपूर्वक मनाई। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर लोगों ने फूल-माला चढ़ाकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दुहराया। मौके पर पूर्व सांसद हरि मांझी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि वे महान व्यक्तित्व व कृतित्व के धनी थे। उन्होंने उनके कार्यों से लोगों को अवगत कराया और उसे आत्मसात करने की सलाह दी। मौके पर जदयू जिला महासचिव पप्पू मालाकार, पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह, जदयू जिला सचिव चंद्रदेव प्रसाद, राकेश कुमार, भाजपा के कृष्णा सिंह, पप्पू यादव, चंद्रिका साव चुन्नी, भाजपा अध्यक्ष देवीलाल यादव सहित सभी पंचायत अध्यक्ष मौजूद रहे।

अभाविप मगध विश्वविद्यालय इकाई ने मनाया गया डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134 वीं जयंती

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मगध विश्वविद्यालय इकाई के द्वारा मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती। इस मौके पर जिला संयोजक अमन शेखर ने कहा भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती आज हम मना रहे है। वह एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। वहीं सुमित मौर्य ने कहा कि उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ा बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण, यूनिफॉर्म सिविल कोड, मौलिक दायित्व की भी बात की। साथ ही प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हर्ष कुमार ने कहा कि समाज में व्याप्त छुआछूत, जातिवाद, दलितों, महिलाओं और मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीति के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले बाबा साहेब को भारतीय संविधान का आधार स्तंभमाना जाता है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य स्मृति कुमारी,नगर मंत्री अमित कुमार सिन्हा, सौरभ स्वराज, अभिषेक आर्या,निखिल राज, सौरभ सिंह, पीयूष रंजन, शशिकांत शर्मा आदि कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

पप्पू यादव का शिवदीप लांडे पर तंज: आईजी की कुर्सी संभली नहीं, अब पार्टी चलायेंगे

पूर्णिया, (एजेंसी) : पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने रविवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे के राजनीति में प्रवेश और उनकी नवगठित 'हिंद सेना' पार्टी को लेकर तीखा हमला बोला और चुटकी लेते हुए कहा कि जिनसे आईजी का पद नहीं संभला, वे भी अब चुनाव आते ही पार्टी बनाकर राजनीति में उतर रहे हैं। पप्पू यादव ने लांडे के साथ-साथ जन सुराज के प्रशांत किशोर और अन्य नए राजनैतिक चेहरों पर भी जमकर निशाना साधा।

उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि जिनके पास काले धन की ताकत है, वे भी पांच हजार लोगों की भीड़ नहीं जुटा पाये। डीएम ने सीसीटीवी जारी कर उनकी पोल खोल दी। साथ ही उन्होंने प्रशांत किशोर की ह्यगांव-गांव अभियानह्न पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में 40 जिले और हजारों गांव हैं, जब तक वे घूमते रहेंगे, तब तक चुनाव निकल जाएगा। तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो अपने पिता का नहीं हुआ, वह जनता का क्या होगा और नीतीश कुमार को बाप मानने वाले अब उन्हीं का 'श्राद्ध' करवा रहे हैं।

फतेहपुर के बदऊंआ में मैट्रिक व इंटर में प्रथम श्रेणी से पास छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया):फतेहपुर प्रखंड के बदउँआ स्थित न्यू कैरियर शिक्षण संस्थान में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मैट्रिक और इंटर परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व सांसद हरि मांझी, जदयू अध्यक्ष रणविजय कुमार, जदयू जिला सचिव चंद्रदेव प्रसाद, महासचिव पप्पू मालाकार, भाजपा अध्यक्ष संजय सिंह, पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा व बबलू सिंह ने संस्थान की टॉपर रही छात्रा प्रिय कुमारी और छात्र नारायण कुमार को संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई साइकिल, बैग व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रथम श्रेणी से उतीर्ण सबा आरजू, आरसी खातून, सिफा खातून, अंशु कुमारी, रानी सितारा, पूजा कुमारी, पंटू कुमारी, रौनक खातून सहित अन्य छात्राओं को भी पाठ्य सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं पूर्व पैक्स अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया। न्यू कैरियर संस्थान के निदेशक बुधलाल प्रसाद ने बताया पिछले साल उनके संस्थान की छात्रा अर्चना कुमारी बिहार टॉप टेन में नौवां रैंक प्राप्त कर संस्थान व क्षेत्र का नाम रौशन की थी। मौके पर पूर्व सांसद हरि मांझी ने कहा कि शिक्षा जीवन का मूल्यवान संपति है। इसे कोई चोरी नहीं कर सकता है। मेहनत एवं एकाग्रता से ग्रहण की गई शिक्षा छात्रों के लिए वरदान साबित होता है। साथ ही कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है। इसे जितना पिओगे उतना दहाड़ोगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रदेव प्रसाद और संचालन संस्थान के निदेशक बुधलाल प्रसाद ने किया। मौके पर चाँद्रका साव, भाजपा अध्यक्ष देवीलाल यादव, पप्पू यादव, कुंदन चंदन कुमार, रविकांत राय, उपेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार, दिनेश कुमार आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

भीमराव आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने की है जरूरत : मुख्य पार्षद

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): फतेहपुर नगर पंचायत स्थित अंबेडकर नगर में सोमवार को युवा समाजसेवी उपेन्द्र रविदास के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अंबेडकर नगर से रैली निकाली गई जो पूरे नगर पंचायत में घुमा और फिर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच सभा में तब्दील हो गया। वहां सबसे पहले बाबा साहब के चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में शामिल बच्चे, युवा व बड़े सभी बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य पार्षद रवि कुमार ने कहा कि अपने संबोधन में डॉ. आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कह कि बाबा साहब का योगदान केवल एक विशेष जाति या धर्म के लिए नहीं है। उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने सभी धर्मों, जातियों और समाजों के लोगों को समानता, स्वतंत्रता और समरसता का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी, जब हम अपने समाज से छुआछूत और आर्थिक असमानता को समाप्त करेंगे। उन्होंने उपस्थित बच्चों से अपील की कि वे बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलें। वार्ड पार्षद पप्पू रविदास और उपेन्द्र रविदास ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज में शिक्षा के महत्व को बहुत अच्छे से समझाया है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एक ऐसा भारत बनाना है, जो रूढ़ीवादी परंपराओं से मुक्त हो।कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, (एजेंसी) : भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गोधीजी,अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन एवं देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने वी.एन.शर्मा इन्स्टीच्युट,दानापुर में नवनिर्मित बास्केट बॉल कोर्ट का किया उद्घाटन

हाजीपुर, (एजेंसी) : पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दानापुर स्थित वी.एन.शर्मा इन्स्टीच्युट में नवनिर्मित बास्केट बॉल कोर्ट का फीता काटकर एवं गुब्बारा उड़ाकर उद्घाटन किया गया। सबसे पहले दोनो प्रदर्शनी टीम के खिलाड़ियों से महाप्रबंधक ने परिचय प्राप्त किया। महाप्रबंधक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात टीम ब्लैक एवं टीम व्हाईट के खिलाड़ियों ने एक जबरदस्त रोमांचक प्रदर्शनी मैच खेलकर,उपस्थित अधिकारीगणों का मन मोह लिया। काफी रोमांचक मुकाबला के उपरान्त टीम व्हाईट 24 प्वाइंट अर्जित कर मैच की विजेता बनी,जबकि निर्धारित अवधि में टीम ब्लैक 22 प्वाइंट अर्जित कर 02 प्वाइंट से पिछड़कर उपविजेता बनी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद ने बताया कि विजेता एवं उपविजेता के टीमों के कप्तान को महाप्रबंधक द्वारा ट्राफी प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

महिला कॉलेज में समारोहपूर्वक मनाया गया डॉ.आंबेडकर की जयंती

मधुबनी, (एजेंसी) : मधुबनी में जेएमडीपीएल महिला महाविद्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में एक समारोह आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य डॉ.अनिल कुमार चौधरी द्वारा बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ.आंबेडकर संघर्ष के प्रतीक थे। जिन्होंने शिक्षा के बदौलत संविधान की रचना कर समाज को नई दिशा दिया। आज के बच्चों को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। जिससे उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। यही डॉ.आंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डॉ.शिव कुमार पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि आज डॉ.आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। जिससे समरस समाज की स्थापना हो सके। डॉ.पासवान ने कहा कि डॉ.आंबेडकर की यह उक्ति शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा, इससे बच्चों को सीख लेने की आवश्यकता है। वहीं डॉ.श्वेता कुमारी ने डॉ.आंबेडकर के विचारों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अरुण कुमार कर्ण, संजय महासेठ, उत्कर्ष अंकित, अमित कुमार, प्रीतम कुमार, छात्रा तान्या झा, श्रेया झा सहित कई मौजूद लोगों द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

टिम्बर हाउस में लगी भीषण आग, एक करोड़ का नुकसान, 9 घंटे में बुझी आग

अग्निशमन के कर्मियों ने आग में फंसे 40 लोगों का किया रेस्क्यू

पटना(एजेंसी) : पटना में पीरमुहानी के पास रविवार देर रात विश्वकर्मा टिम्बर में आग लग गई। आग से करीब 1 करोड़ की लकड़ी जल गई है। 10 घर उसकी चपेट में आ गए थे। इसमें फंसे 40 लोगों को अग्निशमन के कर्मियों ने रेस्क्यू किया है। अग्निशमन पदाधिकारी ने भीषण अग्निकांड की जांच के लिए कमेटी बनाने की अनुशंसा की है। जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई भी हो सकती है। 9 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। आग कैसे लगी थी, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

फायर ब्रिगेड के पदाधिकारी ने बताया कि मौके पर फायर ब्रिगेड की करीब 30 गाड़ियां मौजूद थीं। देर रात से फायर के करीब 150 कर्मी काम कर रहे हैं। करीब 5 लाख लीटर से ज्यादा पानी खर्च हुआ। टिम्बर हाउस के मालिक विजय के भाई नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि बेशकीमती सागवान की लकड़ी थी। करीब एक करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। रात को स्थानीय लोगों ने आग की सूचना टिम्बर मालिक को दी। पिछले 9 घंटे तक लगी आग के चलते आस पास के लोग भी दहशत में थे। टिम्बर हाउस से सटे घर और मार्केट हैं। पूरे इलाके में घनी आबादी है। इससे पहले भी यहां भीषण आग लगी थी। इसमें दम घुटने से एक कर्मी की मौत हो गई थी।

17 को बिहार में महागठबंधन की बैठक, सीट बंटवारे, सीएम चेहरे को लेकर होगी चर्चा

पटना,(एजेंसी) : बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 17 अप्रैल को महागठबंधन की बैठक होने वाली है। इस बैठक में आरजेडी, कांग्रेस, माले समेत सभी घटक दलों के नेता शामिल होंगे। इससे पहले मंगलवार को कांग्रेस और राजद की दिल्ली में अलग से बैठक होगी। यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव के बीच होगी। यह बैठक खड़गे के घर पर होगी। इसमें राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं।

17 अप्रैल की बैठक में सीट बंटवारा, सीएम चेहरे समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी इस बैठक में शामिल होंगे। पहली बार अल्लावरू आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ बैठेंगे। चुनावी रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। इससे पहले 6 अप्रैल को दिल्ली एम्स में भर्ती लालू यादव से अल्लावरू ने मुलाकात की थी, लेकिन अभी तक तेजस्वी से मुलाकात नहीं हुई।

वहीं, राहुल गांधी के बाद अब मल्लिकार्जुन खड़गे बिहार आ रहे हैं। 19 और 20 अप्रैल को दो दिवसीय बिहार दौरे पर रहेंगे। खड़गे 19 अप्रैल को बक्सर तो 20 अप्रैल को पटना में रैली करेंगे।

पृष्ठ एक का शेष...

आंबेडकर जयंती पर संसद भवन परिसर में बाबा साहब ....

बनर्जी ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, भारत के संविधान निमार्ता को सादर नमन। उनके विचार आज भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव हैं।

मध्यप्रदेश के महू (अब डॉ. अंबेडकर नगर) में 14 अप्रैल 1891 में एक दलित परिवार में जन्मे डॉ. आंबेडकर ने समाज में व्याप्त विषमता और भेदभाव के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने उच्च शिक्षा विदेश में प्राप्त की और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने। 1956 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और कार्य आज भी समाज सुधार की दिशा में प्रेरणा देते हैं।

भगोड़ा मेहुल चौकसी बेल्जियम में गिरफ्तार, अब भारत लाने

और उसके भतीजे नीरव मोदी का नाम भी शामिल है। साल 2022 में ईडी ने मेहुल, प्रीति चौकसी और अन्य के खिलाफ तीसरी चार्जशीट दाखिल की थी। खबरें हैं कि नीरव इस समय लंदन की जेल में बंद है और वह भी भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ कोशिशों में जुटा हुआ है।

संक्षिप्त खबर

युवती ने खाई जहर, इलाज के क्रम में मौत

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

शिकारीपाड़ा : थाना क्षेत्र के ग्राम घोपहाड़ी की रहने वाली युवती निक्की मुर्मू ने जहर खा लिया। इलाज के क्रम में शिकारीपाड़ा के महूल पहाड़ी के मिशन अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती किसी से प्रेम करती थी और संभवतः प्रेम प्रसंग में जहर खाया है। शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है व आगे की जांच पड़ताल पुलिस के द्वारा की जा रही है।

गिट्टी लदा ट्रेलर सड़क पर पलटा

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

शिकारीपाड़ा : थाना क्षेत्र के नंगलभंगा मोड के पास आज सुबह एक गिट्टी लदा ट्रेलर मोड़ पर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और ना ही किसी राहगीर को चोटें आई। बताते चलें कि दुमका रामपुरहाट मुख्य पथ पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में गिट्टी लदे ट्रक अनियंत्रित गति से मौत के दूत बनकर दौड़ते रहते हैं जिसकी चपेट में न जाने कौन कब आ जाए। प्राय वाहन चालक नशे में धुत पाए जाते हैं और यातायात के नियमों को ताक पर रखकर वाहन का परिचालन करते हैं। तथापि विभाग के द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने और दुर्घटना के अन्य कारकों को दूर करने का कोई प्रयास होता नजर नहीं आता।

मृतक सहायक अध्यापक के परिजन को अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने किया आर्थिक सहयोग

दुमका : सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई के द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत सहायक अध्यापक सुरेंद्र सोरेन के परिजन को जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब प्रखंड अध्यक्ष उकील मुर्मू और प्रखंड सचिव खलील अंसारी ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय सुरेंद्र सोरेन की पत्नी श्रीमती हासदा को आर्थिक सहयोग के रूप में एक्कतीस हजार रुपए दिया। बताते चले की सुरेंद्र सोरेन का पिछले माह 8 मार्च को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी स्वर्गीय सुरेंद्र सोरेन अपने पीछे अपनी पत्नी दो पुत्र और दो पुत्री को छोड़कर गए। सुरेंद्र सोरेन की मृत्यु से उसका पूरा परिवार काफी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। सुरेंद्र सोरेन अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था अब उसके बच्चों का पढ़ाई लिखाई भगवान भरोसे है इसलिए जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब ने सरकार से स्वर्गीय सुरेंद्र सोरेन के एक परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। प्रखंड अध्यक्ष वकील मुर्मू और प्रखंड सचिव खलील अंसारी ने सुरेंद्र सोरेन के परिवार को 20 लाख रुपया आर्थिक मुआवजा देने की सरकार से मांग किया। जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब ने यह भी बताया कि स्वर्गीय सुरेंद्र सोरेन का भविष्य निधि में पैसा कट रहा था इसलिए अभिलंब सरकार भविष्य निधि का बीमा राशि और जमा राशि सरकार को भुगतान करना चाहिए ताकि सुरेंद्र सोरेन का परिवार अपना भरण पोषण और बच्चों का पढ़ाई जारी रख सके। सहायता राशि देने के लिए उसके आवास पर प्रखंड के दर्जनों सहायक अध्यापक जैसे खलील अंसारी वकील मुर्मू अब्दुल रकीब बद्रीनाथ मुर्मू सुशील किसकु तापस मंडल मोहम्मद हसीब अंसारी अजीत वर्मा रफीक आलम अख्तर अंसारी तनवीर आलम इंद्रजीत गुप्ता दयामय शाह प्रिया रंजन गुप्ता आदि शिक्षक उपस्थित थे।

अम्बेडकर जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

दुमका : जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी के अध्यक्षता मे बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर संगोष्ठी आयोजित किया गया इस संगोष्ठी मे जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंसी ने डॉ भीम राव अम्बेडकर का सपना था समाज के पिछड़े वर्ग को उनके हक और अधिकार मिले । उनके सपने को साकार करने का संकल्प लेते हुए संगठन के माध्यम से उन तक पहुंचने का प्रयास करना है। जिला मे कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रदेश द्वारा प्रखंड मे बनाये गये परवेक्षक को तीन महीने मे संगठन को धारदार बनाने मे प्रखंड मे बैठक आयोजित कर पंचायत स्तर तक संगठन को मजबुत किया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रो मनोज अंबष्ठ, समसाद आंसरी, युगल किशोर सिंह, संजीत सिंह, महबुब आलम, स्टेफन मरांडी, सुनील हेमरम, पुलुस मुर्मू, अनुज मंडल, आशीष सिंह, अली इमाम टिंकु,माहदेव यादव, विलियम हुइ, शहरोज शेख, गीता हेमरम, दसरथ मंडल, रुपेश सिंह, संतोष सिंह, विवेक कुमार अविनाश यादव, अजहर उद्दीन अंसारी, कार्तिक मिर्धा मुख्य रूप से उपस्थित थे,

बैसाखी पर्व पर मिहिजाम गुरुद्वारा में भव्य आयोजन

सिख समुदाय ने श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया त्योहार

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

मिहिजामः स्थानीय गुरुद्वारा परिसर में बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर सिख समुदाय द्वारा एक भव्य और आध्यात्मिक आयोजन किया गया। 11 अप्रैल से प्रारंभ हुए भजन-कीर्तन कार्यक्रम का समापन विशेष कीर्तन और लंगर के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल सिख समाज के लिए बल्कि क्षेत्र के अन्य समुदायों के लिए भी आध्यात्मिक एकता और समरसता का प्रतीक बन गया। इस शुभ अवसर पर कीर्तन सेवा जमशेदपुर से पधारे प्रसिद्ध रागी जत्था मनमोहन सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा की गई, जिनकी मधुर वाणी एवं भक्तिमय गायन ने समस्त संगत को भावविभोर कर दिया। कीर्तन के दौरान गुरबाणी की पंक्तियों से वातावरण पूरी तरह धर्म मय हो गया। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से गुरुवाणी का रसपान किया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस लंगर में विशेष पकवानों के साथ समाजसेवियों द्वारा प्रेमपूर्वक सेवा की गई। आयोजन की व्यवस्था मिहिजाम गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जगजीत सिंह, सचिव गुरमीत सिंह, अमरजीत सिंह, रोहित सिंह, रणजीत सिंह समेत सिख समुदाय के सभी सदस्यों ने की।

चिरेका में मनाई गई डॉ.अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

मिहिजाम : चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में 14 अप्रैल को देश के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में समारोह पूर्वक किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विजय कुमार, महाप्रबंधक चिरेका ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके अलावा एससी एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव

एवं संगठन के पदाधिकारी, विभागों के प्रधान अध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी गण ने भी

डॉ.आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री कुमार ने अपने संबोधन में कहा की बाबा साहब की जीवनी प्रेरणादायक है।

इनकी जीवनी से हम सभी को सीख लेने की जरूरत है ' समाज सुधारक के रूप में इनकी भूमिका को देश हमेशा याद रखेगा।एससी एसटी एसोसिएशन के सचिव ने भी इस मौके पर अपने विचार प्रकट किए।डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी पर आयोजित निबंध प्रतियोगीता में सफल प्रतिभागियो को श्री कुमार महा प्रबंधक ने सम्मानित किया एवं बधाई दी।

माल्यार्पण कर मनाई बाबा साहब की जयंती

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

दुमका : पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना की ओर से अम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर का दृष्टिकोण, उनकी विचारधारा मानववादी रही है। उनका उद्देश्य शोषित, पीड़ित एवं दलित समाज का विकास

करना एवं उन्हें उनके मानव अधिकारों से सजग कराना एवं मानवीय अधिकार दिलाना था। उनके चिन्तन में स्वतंत्रता, समानता, बंधुता व समाजिक न्याय के सिद्धांत थे। मौके पर मुख्य संरक्षक दिवाकर महतो, महासचिव रंजीत जायसवाल, बुद्धिजीवी के अध्यक्ष शिव नारायण दर्बे, कोषाध्यक्ष अजीत मांझी, बिहारी यादव जयकांत जायसवाल पवित्र मंडल अरुण पंजियार जगबंधु मंडल, कंचन यादव, प्रमोद पंडित, प्रदीप मंडल, माणिक पंडित सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

आरएसएस कार्यकर्ता की रहस्यमय मौत, जांच में जुटी पुलिस

पूर्वी सिंहभूम, (एजेंसी)। शहर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में एक रहस्यमयी मौत का मामला सोमवार को प्रकाश में आया। मौत की घटना ने पुलिस से लेकर स्थानीय लोगों तक को चौंका दिया। कुम्हारपाड़ा इलाके में एक घर के भीतर 45 वर्षीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यकर्ता निशिकांत गुप्ता का शव योग मुद्रा में बैठी अवस्था में मिला। कमरे से बदबू आने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक निशिकांत गुप्ता पिछले तीन दिनों से घर से बाहर नहीं निकले थे। घर से तेज दुर्गंध आने के बाद पड़ोसियों ने खिड़की से झांककर देखा तो निशिकांत योग की मुद्रा में बैठे हुए नजर आए लेकिन कोई हलचल नहीं थी। बदबू से आशंका गहराई और तुरंत सीतारामडेरा थाना को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और देखा कि निशिकांत का शव अब भी उसी मुद्रा में था जिसमें वे संभवतः योग कर रहे थे। यह दृश्य देखने के बाद स्थानीय लोग और पुलिस अधिकारी हैरान रह गए। थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में इस प्रकार की स्थिति में किसी शव को पहली बार देखा है। डॉक्टरों की शुरुआती राय के अनुसार संभावना है कि निशिकांत गुप्ता की मृत्यु हार्ट अटैक से योग करते समय हुई होगी।

विश्व रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

विन्दापाथर : जिले के फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत विंदापाथर थाना क्षेत्र के विंदापाथर और बस्ती पालाजोरी में भाजपाइयों ने भारत रत्न एवं विश्व रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन

अर्पित कर मनाया।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अबीता हांसदा ने कहा कि भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने गरीबों को हक दिलाने के लिए बराबरी का संविधान बनाया है। जिसका लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जाति को आरक्षण का लाभ मिल रहा है। अबीता हांसदा ने कहा कि जबतक देश में कांग्रेस की सरकार रही तब तक बाबा साहेब को उभरने नहीं था। लेकिन जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तबसे भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का नाम तेजी से उभर कर प्रकाश में आया है। हांसदा ने आगे बताया कि जब बाबा साहेब ने भारत का संविधान निर्माण किया था उसमें वक्फ बोर्ड नहीं था। लेकिन बाद में कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए उसमें संविधान संशोधन कर वक्फ बोर्ड घुसेड़ दिया।इस अवसर पर जयप्रकाश यादव, गुरू पद पंडित, रोहित मिर्धा, ब्रजलाल चौधरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समीना खातून ने रचा इतिहास, बनी हाफिज-ए-कुरान

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखण्ड अंतर्गत चंदाडीह लखनपुर गांव की 16 वर्षीय बेटी समीना खातून ने कम उम्र में कुरान शरीफ को हिफ़्ज़ कर एक मिसाल कायम की है। पिता ताहिर अंसारी की यह होनहार पुत्री अब हाफिजा बन गई हैं, जिसने कठिन परिश्रम, समर्पण और ईमानदारी से यह मुकाम हासिल किया है। अल इकरा अकैडमी के डायरेक्टर मौलाना इमरान ने बताया कि समीना ने केवल डेढ़ साल की अवधि में पूरे कुरान को जुबानी याद कर लिया, जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। समीना ने कहा, यह काम आसान नहीं था, लेकिन अल्लाह पर भरोसा और मां-बाप की दुआओं से मैंने यह लक्ष्य हासिल किया। समीना खातून का सपना है कि वह आगे चलकर इस्लामी तालीम को समाज में फैलाए।

उनकी यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि अगर लगन और नीयत साफ हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह सकता। झारखंड सरकार में मंत्री और स्थानीय विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने भी समीना को बधाई दी और कहा, यह उपलब्धि न सिर्फ एक लड़की की है, बल्कि पूरे समाज की प्रेरणा बन सकती है। बेटियों की शिक्षा और तरक्की के लिए यह एक सकारात्मक संदेश है। उक्त अवसर पर समीना खातून को हाफिजा की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मुजीबुर रहमान नदवी द्वारा अंजाम दिया गया। वहीं कई उलेमाओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया और उपस्थित लोगों को दीनी तालीम के प्रति जागरूक किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष सल्लीम अंसारी उर्फ बीरबल, मुफ्ती सिद्दीक, मौलाना मुस्तकीम, मौलाना अजीमुद्दीन, हाफिज नाजीर हुसैन, मौलाना मुमताज, मुफ्ती कमरुज्जमा,मौलाना कलीमुद्दीन, हाफिज शोएब सहित सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद थे।

चार दिवसीय चड़क पूजा का आयोजन

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : मट्टटांड झिलुवा स्थित ऐतिहासिक राजाबांध शिव मंदिर परिसर में चड़क पूजा महोत्सव चल रहा है। इस वर्ष भी यह चार दिनों तक चलेगा । जिसमें पहले दिन ह्यापानी पाटह्न अनुष्ठान श्रद्धा, संयम और भक्ति का अद्वितीय उदाहरण बन गया। इस पारंपरिक आयोजन में सैकड़ों की संख्या में व्रती श्रद्धालु ह्यभोगताह्न के रूप में भाग लिया। जो उपवास रखकर जल के सहारे कठिन साधना में लीन रहते हैं। यह अनुष्ठान न केवल शिवभक्ति की पराकाष्ठा को दर्शाता है। बल्कि क्षेत्रीय सांस्कृतिक अस्मिता को भी गहराई से प्रस्तुत करता है।

शिव अराधना में दिखी पुरातन परंपराओं की जीवंत झलक

चार दिवसीय इस आयोजन की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ।जिसके अंतर्गत जल, बेलपत्र, धतूरा और भस्म से शिवलिंग का अभिषेक किया गया।पानी पाट अनुष्ठान के दौरान भक्त पूरे समय उपवास रहते हुए केवल जल ग्रहण करते हैं। जो दिन-रात मंदिर परिसर में रहकर

शिव नाम का संकीर्तन करते हैं। महिलाएं पारंपरिक गीतों में व्यस्त रहती हैं। वही पुरुष भक्त ढोल-मांदर की थाप पर शिव के जयकारे के साथ नृत्य करते हैं। यह माहौल पूरे क्षेत्र को भक्ति रस में सराबोर कर देता है।शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और जामताड़ा में पार्टी का बड़ा चेहरा माने जाने वाले वीरेंद्र मंडल की मौजूदगी से आयोजन में विशेष उत्साह देखा गया। मंडल सनातन चेतना जागरुकता अभियान के तहत लगातार धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़े रहे हैं। इस बार भी उन्होंने झिलुवा पहुंचकर पानी पाट पूजनोत्सव में सहभागिता दर्ज की। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि चड़क पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना का स्तंभ है। यह हमें अपने आलौकिक जड़ों से जुड़ने का माध्यम है।आने वालों पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण करना जरूरी है।पूरे मट्टटांड क्षेत्र में चड़क पूजा को सामाजिक एकता का उत्सव भी माना जाता है। विभिन्न जाति, वर्ग और पंथों के लोग एक साथ मिलकर इस आयोजन को सफल बनाते हैं।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और समिति की कुशल व्यवस्था

पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में उपस्थित हुए। आयोजन समिति द्वारा की गई व्यवस्थाएं और स्थानीय लोगों का सहयोग इस आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक साबित हुए। भक्तों की सुरक्षा, चिकित्सा व्यवस्था और प्रसाद वितरण की पूरी योजना व्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित की गई।

पुलिस ने चलाया अभियानः 41 वारंटी गिरफ्तार, 611 दागियों का हुआ सत्यापन

पूर्वी सिंहभूम,(एजेंसी)। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए रविवार रात को अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। यह अभियान रविवार रात 8 बजे से शुरू हुआ, जिसे एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर जिलेभर में एकसाथ चलाया गया। सोमवार को अभियान के दौरान 611 दागियों और विगत पांच वर्षों में फायरिंग मामलों के 228 आरोप पत्रित आरोपितों का भौतिक सत्यापन किया गया। 41 वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा चोरी की एक बाइक और एक स्कूटी भी पुलिस ने बरामद की।

होटल, लॉज और स्टेशन पर भी सघन जांचः अभियान के तहत जिले के 163 होटल, लॉज और अतिथि गृहों की तलाशी ली गई। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी सघन जांच की गई। खानाबदोश रूप में रह रहे संदिग्धों की भी पहचान और जांच की गई।

ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ भी कार्रवाईः अभियान के दौरान ह्यएंटी ड्रंकन ड्राइवह्न के तहत नशा कर वाहन चलाने वाले चालकों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। कुल 18 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस पूरे अभियान के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों को अतिरिक्त बल उपलब्ध कराया गया था। अभियान की निगरानी सिटी एसपी कुमार शिवाशीष और ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने की।

सीपीआईएम पार्टी कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : सीपीआईएम पार्टी कार्यालय जामताड़ा में भारतीय संविधान के प्रमुख प्रणेता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष इस दिन को पार्टी कार्यालय में यह जयंती मनाई जाती है।इस कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की चित्रपट पर माल्यार्पण तथा एक-एक करके उपस्थित लोगों के द्वारा पुष्पार्पण के माध्यम से प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी जिला कमेटी के कई साथी अपने विचारों को रखा। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान एक ऐसा संविधान है जो दुनिया के सबसे बड़ी संविधान है जिसको प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष यही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ही थे। यद्यपि इस प्रारूप समिति में बहुत सारे लोगों को शामिल किया गया था जो काफी विद्वान भी थे पंडित भी थे लेकिन कई लोगों ने अपनी व्यस्तता और अस्वस्थता के कारण उतना समय नहीं दे पाए अंततः बाबा साहब को ही भारी बिड़ा उठाना पड़ा।उन्होंने हमारे देश के अंदर मनुवादी विचारधारा हावी ना हो इस पर ध्यान रखते हुए साथ ही समाज के दबे कुचले वंचित अभीवंचित वर्गों की उत्थान का मार्ग को प्रशस्त करने की दिशा को रखते हुए संविधान को बनाया। इसके चलते ही आज दबे कुचले परिवार के लोग भी सत्ता के ऊंचे पद पर आसीन हो पा रहे हैं। जिन्हें एक जमाने में घर के अंगना में बैठने तक की भी इजाजत नहीं थी।हमें गर्व है ऐसे महान विद्वान एवं समाज सचेतक समाज के हर पहलुओं पर नजर रखकर सबो का उत्थान और कल्याण के लिए सोचने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे। इन्हीं बातों के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव सुजीत कुमार माजी ,महेंद्र राउत, चंडी दास पुरो ,गौर सरेण,अनुप सरखेल, मोहन मंडल, निमाई राय ,अशोक भंडारी, लोकनाथ राणा ,राजू मेहता, दीप्ति मंडल ,मुनीलाल आदि काफी उत्साह के साथ मौजूद रहे।

संपादकीय

आगरा में उड़ीं संविधान की धज्जियां

शनिवार को उत्तर प्रदेश के आगरा के गढ़ीरामी गांव में राणा सांगा की जयंती के अवसर पर जिस तरह से क्षत्रिय करणी सेना ने 'रक्त स्वाभिमान सम्मेलन' का आयोजन किया वह शक्ति प्रदर्शन तो था ही, उससे बढ़कर वह संविधान की धज्जियां उड़ाने वाला कार्यक्रम साबित हुआ। क्षत्रिय समुदाय के देश भर से लोग यहां एकत्र हुए थे। इसमें एक ओर तो सीधे-सीधे हथियारों का जंगी प्रदर्शन किया गया, वहीं दूसरी तरफ मारने-काटने की सरेआम बातें हुईं। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ वक्ताओं ने गुस्सा तो उतारा ही, उन्हें मार डालने की खुली धमकियां दी गयीं जबकि वहां पुलिस की बड़े पैमाने पर तैनाती थी। किसी अनहोनी की आशंका में प्रशासन ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की थी। याद हो कि पिछले दिनों सुमन ने संसद में एक बयान में राणा सांगा को यह कहकर 'गद्दार' करार दिया था कि बाबर को भारत में वे ही बुलाकर लाये थे। इसे लेकर क्षत्रियों में गहरी नाराजगी है। करणी सेना के कुछ लोगों ने तो सुमन की जुबान काट लेने वाले के लिये पुरस्कार तक घोषित किया था। यदि उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी होती तो वह नौबत न आती। सम्मेलन में देश भर से पहुंचे क्षत्रिय समुदाय के लोग तलवारें लहराते दिखे और मंच पर से उन्होंने बहुत आक्रामक भाषण दिये। इन भाषणों में आए लोगों ने रामजी लाल सुमन के खिलाफ नाराजगी जताई। एक व्यक्ति ने मंच से खुले आम कहा: 'जो राणा सांगा के खिलाफ बात करेगा, उसे 'अपने हिसाब से दंड' दिया जाएगा।' संयुक्त करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने धमकी दी कि रामजी लाल सुमन की उनके घर में घुसकर हड्डी तोड़ी जायेगी। उन्होंने साफ कहा कि, 'कभी तो उनकी सुरक्षा में चूक होगी, तब उनकी कुटाई होगी। संविधान का डर नहीं, कुटाई से डराया जा सकता है।' चम्बल की बैंडिट क्वीन फूलन देवी की हत्या में दोषी पाये गये शेर सिंह राणा भी कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने मांग की कि सुमन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की धाराएं लगाई जायें। उन्होंने सांसद की सदस्यता रद्द कर उन्हें जेल भेजने की भी मांग की। पूर्व राजपूत करणी सेना अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी, जिनकी पिछले दिनों उनके घर में घुसकर हत्या कर दी गयी थी, की पत्नी शीला भी मंच पर थीं। उन्होंने कहा- 'हमें गर्व है कि हम राणा सांगा के वंशज हैं। कोई गद्दार हमारे भगवान पर सवाल उठाता है, तो उसे देश में रहने का अधिकार नहीं है।' करणी सेना के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमेंद्र राणा ने तो और एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि अब माफी से भी काम नहीं चलने वाला। करणी सेना के कार्यकर्ता कुछ भी कर सकते हैं। वैसे भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक धर्मपाल सिंह चौहान ने कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजकों से ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि करणी सेना की मांगों को वे सरकार तक पहुंचायेंगे। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात करणी सेना के लोगों हाईवे को अवरूद्ध कर दिया था। वे सुमन के निवास की ओर जाना चाहते थे। उनके इस प्रयास को पुलिस ने विफल कर दिया। कई जगह करणी सेना के लोगों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की के नजारे देखने को मिले। हजारों की संख्या में हथियारों से लैस राजपूतों के इस सम्मेलन ने बता दिया कि देश की कानून-व्यवस्था किस खतरनाक स्थिति में पहुंच गयी है और सत्ता से नजदीकियां किसी भी एक समूह को किस हद तक उच्छृंखल बना देती है। सभा स्थल को देखने से साफ था कि आयोजकों एवं उसमें शामिल लोगों के लिये न तो कानून के प्रति कोई सम्मान रह गया है, न ही प्रशासन का डर। यह (दु)साहस तभी सम्भव है जब किसी को सत्ता की शह और संरक्षण दोनों ही हो। करणी सेना का इतिहास देखें तो वह अक्सर इसी तरह से कानून को ललकारती या उसे हाथ में लेती है। याद हो कि वर्ष 2017 में 'पद्मावत' नामक फिल्म आई थी, तो राजपूतों के अपमान के नाम पर करणी सेना ने देश भर में सिनेमाघरों के बाहर और भीतर तोड़-फोड़ व आगजनी की थी। उसके निर्देशक एवं कलाकारों को तक धमकियां दी गयी थीं। करणी सेना ने आरोप लगाया था कि राजपूतों के सम्मान को कम करने के लिये यह फिल्म बनाई गई है। निर्देशक संजय लीला भंसाली को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने मारा भी था। करणी सेना का आगरा सम्मेलन बतलाता है कि किस कदर देश को लगातार हिंसक और एक-दूसरे के प्रति नफरत के माहौल में ढाल दिया गया है। रामनवमी से लेकर र हनुमान जयंती पर निकलने वाले जुलूस यदि एक ओर मस्जिदों-मजारों के सामने हुड़दंग कर साम्प्रदायिक आधार पर बंटवारा कर रहे हैं, तो करणी सेना जैसे संगठनों के आयोजन जातीय संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, उनके तथा केन्द्र की सरकार के संयुक्त प्रश्रय से ऐसे संगठनों के हौसले बुलन्द हैं। करणी सेना को भाजपा का समर्थक माना जाता है।

(चिंतन-मनन)

वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है।

क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ।

राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है।

वक्त कभी किसी का सगा नहीं

किशन सनमुखदास भावनानीं

खूबसूरत सृष्टि की रचना करने वाली कुदरत ने खूबसूरत मानवीय जीवन के साथ वक्त का एक ऐसा पहिया संलग्न कर दिया है कि मानवीय जीवन चक्र के साथ वक्त का पहिया भी घूमता रहता है! जो किसी का सगा नहीं है!! बस मानवीय जीवन को ही अपनी बुद्धि के बल पर परिस्थितियों के अनुसार कुशाग्र बुद्धि से वक्त का सकारात्मक उपयोग कर ऐसा कार्य करना चाहिए कि हमारा नाम सदियों, पीढ़ियों तक टिमटिमाते तारों की तरह इस सृष्टि में जगमगाता रहे,क्योंकि वक्त हमेशा एक सा नहीं रहता वक्त का पहिया कैसे करवट बदल देता है, पता ही नहीं चलेगा, क्योंकि वक्त अपनी गति से चलता रहेगा वक्त का पहिया हमेशा एक जैसा नहीं रहता कितना भी पकड़ लो फिसलता जरूर है,यह वक्त है साहब बदलता जरूर है।

साथियों बात अगर हम वक्त के तकाजे की करें तो हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या हैं, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता!! इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना है, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा साथियों बात अगर हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की करें तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे,अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार,दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदोज हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए,हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो यह किसी का सगा नहीं है बड़े से बड़े उद्योगपति, राजनीतिज्ञ अधिकारी, मंत्री, उच्च पदस्थ व्यक्ति यहां तक कि कभी उनके पास उद्योग, सत्ता, शासन-प्रशासन पावर की चाबी उनके हाथ में रहने वालों के वक्त के पहिए ने भी कैसे करवट बदल ली है कि उनका हाथ आज खाली है! जिनकी तूती बोलती थी आज उनकी बोलती बंद है!! इसलिए कहते हैं साहब यह वक्त है बदलता जरूर है इसलिए समय रहते कुछ ऐसा काम करो कि वक्त को भी तुम्हारे पास रुकने पर मजबूर होना हो जाना पड़े साथियों बात अगर हम कुछ सालों से वक्त के पहिए की करवट बदलने की करें तो हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या है, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता!! इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना है, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा साथियों बात अगर हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की करें तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे,अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार,दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदोज हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए,हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो यह किसी का सगा नहीं है बड़े से बड़े उद्योगपति, राजनीतिज्ञ अधिकारी, मंत्री, उच्च पदस्थ व्यक्ति यहां तक कि कभी उनके पास उद्योग, सत्ता, शासन-प्रशासन पावर की चाबी उनके हाथ में रहने वालों के वक्त के पहिए ने भी कैसे करवट बदल ली है कि उनका हाथ आज खाली है! जिनकी तूती बोलती थी आज उनकी बोलती बंद है!! इसलिए कहते हैं साहब यह वक्त है बदलता जरूर है इसलिए समय रहते कुछ ऐसा काम करो कि वक्त को भी तुम्हारे पास रुकने पर मजबूर होना हो जाना पड़े साथियों बात अगर हम कुछ सालों से वक्त के पहिए की करवट बदलने की करें तो हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या है, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता!! इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना है, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा साथियों बात अगर हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की करें तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे,अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार,दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदोज हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए,हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो यह किसी का सगा नहीं है बड़े से बड़े उद्योगपति, राजनीतिज्ञ अधिकारी, मंत्री, उच्च पदस्थ व्यक्ति यहां तक कि कभी उनके पास उद्योग, सत्ता, शासन-प्रशासन पावर की चाबी उनके हाथ में रहने वालों के वक्त के पहिए ने भी कैसे करवट बदल ली है कि उनका हाथ आज खाली है! जिनकी तूती बोलती थी आज उनकी बोलती बंद है!! इसलिए कहते हैं साहब यह वक्त है बदलता जरूर है इसलिए समय रहते कुछ ऐसा काम करो कि वक्त को भी तुम्हारे पास रुकने पर मजबूर होना हो जाना पड़े साथियों बात अगर हम कुछ सालों से वक्त के पहिए की करवट बदलने की करें

साथियों बात अगर हम वक्त के तकाजे की करें तो हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या है, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता!! इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना है, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा साथियों बात अगर हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की करें तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे,अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार,दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदोज हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए,हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो यह किसी का सगा नहीं है बड़े से बड़े उद्योगपति, राजनीतिज्ञ अधिकारी, मंत्री, उच्च पदस्थ व्यक्ति यहां तक कि कभी उनके पास उद्योग, सत्ता, शासन-प्रशासन पावर की चाबी उनके हाथ में रहने वालों के वक्त के पहिए ने भी कैसे करवट बदल ली है कि उनका हाथ आज खाली है! जिनकी तूती बोलती थी आज उनकी बोलती बंद है!! इसलिए कहते हैं साहब यह वक्त है बदलता जरूर है इसलिए समय रहते कुछ ऐसा काम करो कि वक्त को भी तुम्हारे पास रुकने पर मजबूर होना हो जाना पड़े साथियों बात अगर हम कुछ सालों से वक्त के पहिए की करवट बदलने की करें

घोटाला, देश के बाहर और भगोड़े घोषित इत्यादि यह सब बातें हमने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सत्ता परिवर्तन, 90 दिन से चले आ रहे हैं रूस यूक्रेन युद्ध सहित अनेक व्यवहार देखें जिसके आधार पर हम कह सकते हैं कि वक्त किसी का सगा नहीं करवट जरूर बदलता है। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो, जीवन में सबसे अनमोल चीज है वक्त जिसका चक्र निरंतर रूप से चलते रहता है। इसे कोई रोक नहीं सकता जैसे रेत को कितनी भी जोर से मुट्ठी में बांध के रखो वह फिसलती रहती है। उसी तरह वक्त भी सबको अवसर देता है अगर उस अवसर को समय रहते पहचान कर उसका लाभ ना उठाएं तो वह मौका और वक्त दोनों हाथ से निकल जाता है। इसीलिए कहते हैं मनुष्य चाहे तो सब कुछ नियंत्रण कर सकता है सिवाय वक्त के! वह एक बार चला गया तो लाख कोशिश कर लो वह कभी वापस नहीं आ सकता। साथियों बात अगर हम वक्त शब्द की करें तो, वक्त अर्थात समय ये सिर्फ बोलने के लिए तीन शब्द है किंतु इसमें मनुष्य का संपूर्ण जीवन समाहित है। मनुष्य के जीवन में वक्त का बड़ा ही महत्व है। हमारा पूरा जीवन समाप्त हो जाता है किंतु वक्त का ना कोई प्रारंभ है और ना कोई अंत। वह अपने गति के अनुसार चलते ही रहता है। वक्त किसी के लिए नहीं रूकता और ना ही कोई उसे रोक सकता है। यह वक्त सबके लिए समान गति से चलता है फिर चाहे वह राजा हो या रंक, वक्त के आगे किसी की नहीं चलती। साथियों बात अगर हम वक्त के महत्व की करें तो, वक्त और धन की दौड़ में हमेशा वक्त की जीत होती है। पैसा कमाना आपको अमीर बना देगा लेकिन वक्त को जीतना आपको सफल बनाएगा। वक्त फिर कभी लौट कर नहीं आता, आपको इसका उपयोग करने का केवल एक ही मौका मिलता है। यदि आप उस समय वक्त का सदुपयोग करते हैं, तो यह आपको कल लाभकारी परिणाम देगा। वक्त बहुत कीमती है और इसे अच्छे कामों में खर्च करने की जरूरत है। वक्त के मूल्य को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बदलता रहता है। वक्त फिर कभी किसी के जीवन में एक जैसा नहीं हो सकता। जो व्यक्ति वक्त के महत्व को जानता है और उसका सम्मान करता है, वह चतुर और बुद्धिमान माना जाता है। वह व्यक्ति अपने जीवन में सभी सफलता प्राप्त करने वाला होता है। क्योंकि यह जिंदगी, वक्त और अपना अनुभव यही सिखाता है कभी उदासी की आग है जिंदगी, कभी खुशियों का बाग है जिंदगी, हंसना और रुलाना राग है जिंदगी, कड़वे-मीठे अनुभवों का स्वाद है जिंदगी, इसलिए हमारा दिल चाहता कुछ और है और होता कुछ और है परंतु एक बात तो निश्चित है वक्त जरूर बदलता है और जिंदगी में उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख दो पहलू हैं जो हर एक को जिंदगी में आते ही हैं।

किसी के बुरे वक्त पर हंसना नहीं साथियों

यह वक्त है चेहरे याद रखता है साथियों

कितना भी समेट लो हाथों से फिसलता जरूर है साथियों

यह वक्त है बदलता जरूर है साथियों

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वक्त कभी किसी का सगा नहीं रहा!!वक्त का पहिया कैसे करवट बदल लेता है हम खुद अपने पुराने और आज के नए वक्त का विश्लेषण करके महसूस कर सकते हैं!!वक्त का पहिया हमेशा एक जैसा नहीं रहता कितना भी पकड़ लो फिसलता जरूर है यह वक्त है

गांवों में आज भी मजबूत है सामाजिक रिश्तों की डोर

–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा–

नाबार्ड की इस साल मार्च में जारी रिपोर्ट से जहां संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा है, वहीं यह चिंता की बात है कि जरूरत के समय गैर संस्थागत स्रोतों से कर्ज लेने वाले ग्रामीणों में करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याज दर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे साफ है कि एक बार गैर संस्थागत स्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नहीं तो बहुत मुश्किल जरूर है।

नाबार्ड की रिपोर्ट को आधार मानकर चलें तो पिछले साल सितंबर में जुटाये गए आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी तात्कालिक आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर हैं। हालांकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है। पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर थे। हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दुःख-दर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गये धन पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की धन की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह तथ्य भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है। चाहे ग्रामीण हों या शहरी ऐसी आवश्यकताएं आ ही जाती हैं, जिनके लिए तत्काल धन की जरूरत होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपये उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाते। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक का ब्याज देना पड़ता है। 0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याज दर पर ऋण को चुकाना पड़ता है। साफ है कि आजादी के 75 साल बाद भी सूदखोरों का बोलबाला बना हुआ है। संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किस्त चुकाना रह गई तो पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है। एक बात और, शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ऋण देने का कार्य किया जाता है। इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किस्त का चुकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ जरूरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं। कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याजदर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरूर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टि नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर हैं।



शरीर को स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य है, वरना हम अपने दिमाग को स्वच्छ और मजबूत नहीं रख पाएंगे। - गौमत बुद्ध

जिस प्रकार बिना जल के धान नहीं उगता उसी प्रकार बिना विनय के प्राप्त की गयी विधा फलदायी नहीं होती।

- भगवान महावीर

भारत की टैरिफ कूटनीति के लाभ

–डा. जयंतीलाल भंडारी–

यकीनन इस समय टैरिफ वॉर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति और अमेरिका के लिए शुल्कों में कमी की रणनीति रंग लाते हुए दिखाई दे रही है। 9 अप्रैल को अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी की टैरिफ कूटनीति के लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के द्वारा चीन पर 145 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाने वाले भारत सहित सभी देशों के लिए 90 दिनों तक टैरिफ के अमल को स्थगित कर दिया है। ट्रंप के इस निर्णय के बाद चीन ने अमेरिका पर 125 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। ट्रंप के इस ऐलान के बाद भारतीय निर्यात पर मंडरा रही अनिश्चितता फिलहाल रुक गई है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा विभिन्न देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए जाने के बाद नई व्यापार दुनिया ने जन्म ले लिया है। यह नई व्यापार दुनिया राष्ट्रपति ट्रंप की उस हठ पर आधारित है जिसमें वे विश्व अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन और अमेरिका के साथ कथित आर्थिक दुर्व्यवहार को रोकने के लिए अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ताओं को होने वाले किसी भी तरह के कष्ट की अनदेखी करने को भी तैयार हैं।

नई व्यापार दुनिया पहले की व्यापार दुनिया से पूरी तरह से अलग है। कल तक दुनिया में मजबूत आर्थिक विश्व व्यवस्था और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के आधार पर विकास की कहानी आगे बढ़ती रही है, वहीं अब संरक्षणवाद तथा द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों का नया सितारा उदित हो रहा है। ऐसे में भारत को अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और दुनिया की बदलती आर्थिक सूरत की नई हकीकत के मद्देनजर नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू किया गया है। ट्रंप का टैरिफ वियतनाम पर 46 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत तथा थाइलैंड पर 36 प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 फीसदी रही, जो करीब 77.5 अरब डॉलर थी, निर्यात की ऐसी ऊंचाई अमेरिका को भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाती है। ट्रंप के टैरिफ से भारत के कई प्रमुख निर्यात क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद शामिल हैं। भारत के दवा और सेमीकंडक्टर उद्योग पर भी टैरिफ की तलवार लटक रही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर 26 फीसदी पारस्परिक टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले से भारत के द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में करीब 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आ सकती है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 0.2 फीसदी घटने की आशंका रहेगी। खास बात यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ की आपदा के बीच भारत के लिए मौके भी छिपे हैं। जहां अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ दूसरे कई प्रतिस्पर्धी देशों से कम होने से अमेरिका सहित दुनिया में भारत के निर्यात बढ़ने की संभावना है। भारत जिस तरह से अमेरिका के साथ नए व्यापार समझौते के लिए तथा अन्य देशों के साथ भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के लिए रणनीतिपूर्वक कदम बढ़ा रहा है, उससे भारत के लिए अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में निर्यात और कारोबार बढ़ाने के मौके भी बढ़ सकते हैं। चूंकि एशिया के उभरते बाजारों में भारत पर टैरिफ फिलीपींस को छोड़कर सबसे कम है, ऐसे में तुलनात्मक रूप से कम टैरिफ से भारत को वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा मजबूत होगी। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यातक देशों की तुलना में भारत पर कम टैरिफ लगा है। खास तौर पर चीन और वियतनाम के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है। टेक्सटाइल के निर्यात बाजार में अभी से भी बेहतर अवसर मिल सकते हैं। अन्य देशों के सामान अमेरिका में ज्यादा महंगे होने से अमेरिका में भी भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी। टैरिफ की चुनौतियों के बीच भी भारत की विकास दर बढ़ने की संभावनाएं हैं। हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक टैरिफ चुनौतियों के बीच भी चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगी और यह स्थिति अर्थव्यवस्था के मजबूत और स्थिर विस्तार का संकेत देती है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनी रहेगी। यद्यपि भारत में सरकार ने संसद में ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत के द्वारा टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा व अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) पर ध्यान दिया जाना होगा। इस बात को ध्यान में रखना होगा कि वर्ष 1991 में उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ाने की जो रणनीति लागू हुई, उससे देश को उदारीकरण के लाभ मिले हैं। चूंकि टैरिफ प्रतिस्पर्धा से जुड़े हैं, अगर हम टैरिफ की आड़ में रहेंगे तो प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाएंगे। नए अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को कारोबार करने में आसानी बढ़ानी होगी। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश करना होगा और नीतिगत स्थिरता कायम रखनी होगी। हम उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा चीन पर लागू किए गए 145 फीसदी टैरिफ से शुरू हुए अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आर्थिक मौकों को मुट्ठी में लेने के साथ-साथ भारत पर लागू किए जाने वाले 26 फीसदी टैरिफ की चुनौती का मुकाबला करने में भारत के लिए अमेरिका के साथ नया कारोबार समझौता, विभिन्न देशों के साथ नए द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौते और मजबूत घरेलू आर्थिक घटक असरकारक आर्थिक हथियार के रूप में उपयोगिता देते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि सरकार नई व्यापार दुनिया में भारत को रचनात्मक देश बनाने के लिए ऐसी नई आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिसमें बड़े-बड़े उद्योगों के साथ सूक्ष्म, छोटे और मझौले उद्योगों के लिए भी अनुकूलताएं हों। चूंकि अब दुनिया में नए डिजिटल दौर की नई संपत्तियों से विकास की मंजिलें तय होंगी, अतएव ऐसी सबसे कीमती संपत्तियों के विकास पर भारत को ध्यान देना होगा। अब भारत में भारी पूंजी वाले उद्योगों को सब्सिडी देने के बजाय शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक निवेश किया जाना अधिक लाभप्रद होगा। भारत को सेवा क्षेत्

7_Page 3.qxd 4/14/2025 9:25 PM Page 1

...तो घर में जरूर रखें बांसुरी

भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बहुत प्रिय है। बांसुरी कृष्णजी को प्रिय होने के कारण उसको प्रकृति का अनुपम वरदान है। ज्योतिष के अनुसार बांसुरी का इस्तेमाल अगर सोच समझकर किया जाए तो यह हमें कई प्रकार के दोषों से बचाती है। वास्तु और फेंगशुई के अनुसार, बांसुरी को अगर घर, दुकान में रखा जाए है तो इसके कई लाभ मिलते हैं। बांसुरी से होने वाले लाभ कौन-कौन से है, आइए जानते है।

- फेंगशुई विद्या के अनुसार, बांसुरी घर में रखना बहुत शुभ माना गया है। यह उन्नति और प्रगति दोनों देने में बहुत सहायक है। इस प्रकार बांसुरी प्रकृति का एक अनुपम वरदान है।
- बांसुरी बांस से बनी होती है तथा इसके पौधे को दिव्य माना जाता है। अतः घर में बांसुरी का प्रयोग करके कई तरह से लाभ उठाया जा सकता है।
- बांसुरी के संबंध में एक धार्मिक मान्यता है कि जब बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है तो बुरी आत्माएं दूर हो जाती हैं।
- जब बांसुरी को बजाया जाता है तो ऐसी मान्यता है कि घरों में शुभ चुम्बकीय प्रवाह का प्रवेश होता है।
- यदि सोच-समझकर इसका उपयोग किया जाए तो दोषों का बिना किसी तोड़-फोड़ के निवारण कर अशुभ फलों से बचा जा सकता है।
- ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति अपनी नौकरी से परेशान रहता हैं, बांसुरी उसकी सारी मुश्किलें आसान कर सकता है।
- जो व्यक्ति काफी मेहनत के बाद भी अपने बिजनेस में सफलता हासिल नहीं कर पाते उनके लिए बांस से बनी यह बांसुरी उन्नति और समृद्धि दोनों देने में सक्षम है। अतः उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करते हुए अपने दुकान की छत पर दो बांसुरी चिपकानी चाहिए या टांग देनी चाहिए। यह बहुत ही सरल उपाय है जो आपको अपने बिजनेस में उन्नति के शिखर पर ले जाएगा।

पूजा में भगवान श्रीगणेश जी का है सर्वश्रेष्ठ स्थान

हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार, किसी भी शुभ काम के करने से पहले गणेश पूजन आवश्यक हैं। इससे प्रसन्न होकर गणेश जी सारे काम निर्विघ्न कर देते हैं। हिन्दू संस्कृति और पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जाती अनिवार्य बताई गयी है। देवता भी अपने कार्यों की बिना किसी विघ्न से पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी की पूजा में दूर्वा का सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जाती है और साथ ही यह मान्यता है कि गणपति को दूर्वा चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। ऐसे में दूर्वा को पूजन परंपरा से जोडकर उन्होंने दुर्लभ वनस्पतियों को बचाने का संदेश दिया है क्योंकि इससे हम धरती की रक्षा कर अपने लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकेंगे।

ऐसे में कहा जाता है गणपति की साधना-अराधना के लिए बताए गए 108 नाम के बारे में जिनके जप करने से भीतरी आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। यह भी माना जाता है कि श्री गणेश जी के 21 नाम वाले मंत्रों और 21 पेड़ों के पत्तों को अर्पित करने पर उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

मान्यता है कि पूजन की इस परंपरा के पीछे जीवनदायक प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को न काटने का गूढ़ रहस्य छिपाया गया है। वहीं इस बात को कहने का तात्पर्य गणपति की साधना-अराधना से जुड़े इन वृक्षों संरक्षण किया जाना चाहिए। श्री गणेश नाम वृक्षों के नाम आइए जानते हैं।

इन मंत्रों का करें जाप

ओम सुमुखाय नमः शमी पत्र।
ओम गणाधीशाय नमः भृंगराज पत्र।
ओम उमापुत्राय नमः बेल पत्र।
ओम गजामुखाय नमः दूर्वापत्र।
ओम लम्बोदराय नमः बेर का पत्र।
ओम हर पुत्राय नमः धतूरे का पत्र।
ओम शूर्पकर्णाय नमः तुलसी के पत्र।
ओम वक्रतुण्डाय नमः सेम का पत्र।
ओम गुहाग्रजाय नमः अपामार्ग पत्र।
ओम एकदंताय नमः भटकटैया पत्र।
ओम हेरम्बाय नमः सिंदूर पत्र।
ओम चतुर्होत्रे नमः तेज पत्र।
ओम सर्वेश्वराय नमः अगस्त पत्र।
ओम विकटाय नमः कनेर पत्र।
ओम हेमतुण्डाय नमः केला पत्र।
ओम विनायकायनमः आक पत्र।
ओम कपिलाय नमः अर्जन पत्र।
ओम वटवे नमः देवारू पत्र।
ओम भालचंद्रय नमः महुए के पत्र।
ओम सुराग्रजाय नमः गांधारी पत्र।
ओम सिद्धि विनायक नमः केतकी पत्र।

परिवार और व्यक्ति के दुख दूर करते हैं यह सरल उपाय

बुधवार के दिन घर में सफेद रंग के गणपति की स्थापना करने से समस्त प्रकार की तंत्र शक्ति का नाश होता है।

धन प्राप्ति के लिए बुधवार के दिन गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है।

परिवार में कलह कलेश हो तो बुधवार के दिन दूर्वा के गणेश जी की प्रतिकात्मक मूर्ति बनवाएं। इसे अपने घर के देवालय में स्थापित करें और प्रतिदिन इसकी विधि-विधान से पूजा करें। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती है।

गोमेद

एक खूबसूरत रत्न

जीवन को भी बना देता है सुंदर

ज्योतिष विज्ञान में गोमेद को एक खूबसूरत रत्न माना गया है, जो जीवन को सुंदर बना देता है। गोमेद सबसे लाभदायक रत्नों में से एक माना गया है। गोमेद राहु ग्रह से संबंधित रत्न माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में राहु को पाप ग्रह माना जाता है अत- ज्योतिषाचार्यों द्वारा राहु के दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए गोमेद रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखने योग्य यह है कि गोमेद के साथ माणिक्य, मूंगा और पुखराज नहीं पहनना चाहिए।

यह रत्न जहां रुके कार्यों पूर्ण करने का कार्य करता है, वहीं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता देता है। ज्योतिषियों की मानें तो जन्म कुंडली की दशाओं को जानकर ही इस रत्न को धारण करना उचित रहता है। इतना ही नहीं गोमेद ब्लड कैंसर, कम सुनाई देना, आंखों तथा जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों से भी निजात दिलाता है। गोमेद एक चमकदार और अपारदर्शी रत्न है। यह गहरे भूरे अथवा लाल रंग की तरह होता है। इसे गारनेट समूह का रत्न माना जाता है। यह दुनिया में कई स्थानों पर पाया जाता है। गोमेद मुख्य रूप से यह भारत, श्रीलंका और ब्राजील में आसानी से मिल जाता है तथा साउथ अफ्रीका, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी यह रत्न पाया जाता है। राहु ग्रह से संबंधित इस रत्न को हिन्दी में गोमेद और अंग्रेजी में हैसोनाइट स्टोन कहते हैं। गोमेद रत्न 6 रत्ती से कम का धारण नहीं करना चाहिए। यह रत्न शनि की होरा में शुक्ल पक्ष के किसी भी शनिवार को पहनना अतिशुभ माना गया है। यदि शनिवार के दिन शतभिषा, स्वाती या आर्द्रा नक्षत्र में इसे धारण किया जाए तो गोमेद की शुभता अधिक बढ़ जाती है।

रत्न धारण करने की विधि

गोमेद रत्न की अंगूठी को सबसे पहले गंगा जल, दूध, शहद और मिश्री के घोल में डालकर एक रात उसमें ही रहने दें। तत्पश्चात ऊँ रां राहवे नमः मंत्र का 108 बार जाप करके कनिष्का में धारण करना चाहिए।

किस अंगुली में धारण करें

इसे चांदी या अष्टधातु की अंगूठी में जड़वा कर पहनना उचित रहता है। राहु का रत्न गोमेद को कनिष्का अंगुली में पहनना चाहिए, क्योंकि मिथुन राशि में उच्च का होने से बुध की अंगुली कनिष्का में पहनना शुभ फलदायी रहता है। यह राहु के अशुभ प्रभाव को दूर करता है। गोमेद धारण करने से राहु की दशा-महादशा को दुष्प्रभावों से निजात मिलती है। यह रत्न शत्रुओं पर विजय दिलाने वाला भी माना जाता है, इतना ही नहीं इसे धारण करने से सकारात्मक विचार, एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

कौन धारण करें

इसे राजनीतिज्ञ, जासूसी, जुआ, सट्टा खेलने वाले तथा तंत्र या मंत्र विद्या से जुड़े व्यक्ति पहनते हैं।

कौन ना पहने ये रत्न- जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु 5वें, 8वें 9वें 11वें या 12वें स्थान पर हो उन्हें गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है तथा जिनका व्यापार-व्यवसाय राहु ग्रह से संबंधित हो उन्हें भी यह रत्न नहीं पहनना चाहिए।

सूर्यास्त के बाद झाड़ू-पौंछा न करें

धार्मिक ग्रंथों में ऐसी कई सार्वभौमिक सत्य बातें बताई गई हैं, जिनका अनुसरण कर हम अपना सौभाग्य लिख सकते हैं या प्रतिकूल ग्रहों को अनुकूल बना सकते हैं। आइए जानें ऐसी पांच चीजों के बारे में जो हमारे अच्छे व सुखद भविष्य की भी नींव रखती हैं।

थाली में न छोडें झूठा अन्न

शास्त्रानुसार कभी भी खाने की प्लेट में जूठा नहीं छोडना चाहिए और न ही कभी जूठे बर्तनों को यूं ही पढ़े रहने देना चाहिए। रात को सोने से पहले सभी जूठे बर्तन धो लेने चाहिए अन्यथा इससे घर में अशांति का वातावरण बनना शुरु हो जाएगा जो अंततः घर के दुर्भाग्य में बदल जाएगा।

बैड को रखें नीट एंड क्लीन

शास्त्रों के अनुसार बेडरूम सुव्यवस्थित तथा साफ-सुथरा होना चाहिए। खास तौर पर बिस्तर पर बिछी हुई चादर बिल्कुल साफ होनी चाहिए साथ ही कमरे में कचरा नहीं फैला होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उस बिस्तर पर सोने वाले का सौभाग्य भी दुर्भाग्य में बदल जाता है।

जगह-जगह थूकना लाता है दुर्भाग्य

कहीं भी थूक देना (विशेष तौर पर घर में, देव मंदिरों में, सार्वजनिक स्थानों पर) शास्त्रों में पूरी तरह गलत बताया गया है। इससे घर की लक्ष्मी रूठ कर चली जाती है। हमें यथासंभव अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर की सुख-शांति खत्म हो जाती है और कंगाली घर में प्रवेश कर जाती है।

बाथरूम को रखें साफ-सुथरा

बाथरुम को चन्द्रमा का स्थान माना गया है। जिन घरों में बाथरूम गंदा रहता है या अस्त-व्यस्त पड़ा रहता है, उन घरों के स्वामी की कुंडली में चन्द्रमा पर ग्रहण लग जाता है जिससे उस घर में रहने वालों की मानसिक शांति समाप्त हो जाती है तथा वहां धन की कमी होने लगती है।

तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं

हर व्यक्ति के जीवन में शांति और सम्पन्नता का होना जरूरी है और सम्पन्नता के लिए लक्ष्मी का प्रसन्न होना बेहद आवश्यतक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ खास बातें नहीं की जाएं तो लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के दरवाजों को कभी भी ना खटखटाएं। घर के गेट पर बैल लगाएं या आवाज देकर मालिक को बुलाएं। गेटों को खटखटाने और बजाने से वास्तु दोष बढ़ता है। ऐसे में लक्ष्मी वहां ज्यादा दिनों तक टिकती नहीं है।
- वास्तु के अनुसार सर्वप्रिय देव श्रीगणेश की मालिक द्वारा आराधना जरूरी होती है। यदि घर का मालिक सुबह उठकर श्रीगणेशजी का ध्यान कर पूजा-अर्चना करता है तो घर के वास्तु दोष तुरंत दूर होते हैं।
- वास्तु के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं, इससे जीवन में अशुभता आने लगती है। तुलसी जी के पौधे को पूर्व या उत्तर में लगाना उचित रहता है।
- गंदे कपडे पहनने से भी वास्तु दोषों में बढोतरी होती है। कोशिश करें कि दो दिन के अलावा तीसरे दिन भी पुराने कपडे नहीं पहनें।
- घर की सफाई रात को करना भी वास्तु के अनुसार ठीक नहीं है। कहते हैं कि शाम को जो धूल एकत्रित होती है, वही लक्ष्मी जी की कृपा होती है।

सकारात्मक ऊर्जा और तन-मन की शांति के लिए..

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अच्छी सेहत और प्रसन्न तन-मन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स दैनिक व्यवहार में लाकर आप एक सुंदर एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

- सूर्योदय से पूर्व उठने की आदत डालें, इससे सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है जो तन, मन और मस्तिष्क को शांत करती है।
- प्रातः काल आसपास के खुले स्थान, पार्क या भवन की छत पर जाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके थोड़ा व्यायाम करें और लंबी सांस लें। इससे प्रकृति में सुबह के समय व्याप्त सकारात्मक ऊर्जा यानी आक्सीजन का भरपूर उपयोग करके आप शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन करते समय आपका मुख सदा पूर्व या उत्तर में रहे। कभी भी पलंग पर बैठकर, खड़े होकर या आड़े-तिरछे बैठकर भोजन न करें।
- भोजन या तो भूमि पर आसन बिछाकर करें या फिर डायनिंग टेबल का प्रयोग करें। विधिवत भोजन करने से शरीर चुस्त दुरूस्त रहता है।
- खाना खाते वक्त टेलीविजन नहीं देखें, इससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से सभी ज्ञानेंद्रियों पर विपरीत असर पड़ता है। इससे पेट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अतः भोजन करते समय टेलीविजन देखने की बजाए पारिवारिक दिनचर्या पर गपशप करें।
- दवाइयों को डायनिंग टेबल पर नहीं रखें, ये नकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक होती है। ऐसा करके हम दवाइयों को भोजन का हिस्सा बनाने का निमंत्रण देते हैं, ऐसा नहीं करें।
- यदि घर में बच्चों या वृद्धों के लिए कुछ टॉनिक आदि का प्रयोग कर रहे हों, तो ऐसे टॉनिक की शीशियां व डिब्बे घर की पूर्व दिशा में बनी आलमारियों में रखें और किसी बीमारी से संबंधित दवाइयों को दक्षिण या पश्चिम में रखें।
- भोजन पूर्व की तरफ मुंह करके ही बनाएं। यह सेहत के लिए उत्तम और सुखदायी होता है। रसोईघर आग्नेय कोण में ही बनाएं। रसोईघर की व्यवस्था उत्तर-पूर्व में न करें। यह धन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ज्वलनशील पदार्थों को भी दक्षिण-पूर्व में रखें।
- रसोईघर की दीवारों का रंग हल्का पीला, नारंगी या हल्का लाल रखें। जिससे भोजन सुप्राच्य होकर भूख बढ़ाने में सहायक साबित होगा। जब एक साथ मिलकर सभी खाना खा रहे हों, तो घर के मुखिया का मुंह पूर्व में तथा अन्य सदस्यों का मुंह उत्तर या पश्चिम में होना चाहिए। दक्षिणामुख कभी नहीं बैठें। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। हाथ आदि साफ कर प्रसन्नतापूर्वक खाने से आरोग्यता बढ़ती है।

पीतल का शेर देगा आपको आत्मविश्वास...

घर का सामान आपके जीवन, धन-संपत्ति और खुशहाली के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व पर भी गहरा प्रभाव डालता है। वास्तुशास्त्र के कुछ मौलिक सिद्धांत तो लगभग सभी लोगों को मालूम होते भी हैं, मसलन दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए, उत्तर दिशा में तिजोरी रखना और घर में गंदगी इकट्ठी ना होने देना...वगैरह-वगैरह।

लेकिन कुछ वास्तु टिप्स ऐसे होते हैं, जो आपके व्यक्तित्व पर भी बहुत गहरा असर छोड़ते हैं। अगर आप उदास रहते हैं या फिर आपको लगता है कि आत्मविश्वास की कमी के कारण आप अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या आपको अन्य लोगों के समक्ष अपनी बात रखने में हिचक होती है तो हम आपको एक ऐसा वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके लिए बेहद कारगर सिद्ध हो सकता है। पीतल धातु से बना शेर, ना सिर्फ आपके घर की शोभा को बढ़ाता है बल्कि आपके भीतर छिपी हीन भावना या आत्मविश्वास की कमी को भी समाप्त करता है।

वास्तुशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगर पीतल धातु से बने शेर को घर की पूर्वी दिशा में स्थापित करते हैं तो यह आपके सेल्फ कॉंफिडेंस में गजब का उछाल लाता है। बस एक बात का ध्यान रखें कि जब आप शेर को अपने घर में स्थापित करें तो उसका मुख घर के केन्द्र में होना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

एसबीआई ने लोन की दरों में 0.25 फीसदी कटौती की, कर्ज होंगे सस्ते

नई दिल्ली, (एजेंसी) : देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने सोमवार को अपने लोन पर ब्याज की दर में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद मौजूदा और नए उधारकताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो जाएगा। संशोधित दरें 15 अप्रैल से लागू होंगी।

स्टेट बैंक की वेबसाइट पर अपडेट की गई दरों की जानकारी के अनुसार इस कटौती के बाद एसबीआई की रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) 0.25 फीसदी की कमी के साथ 8.25 फीसदी हो जाएगा। एसबीआई ने एक्सटर्नल बेंचमार्क बेस्ड लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) को भी 25 आधार अंकों (0.25 फीसदी) घटाकर 8.65 फीसदी कर दिया है। स्टेट बैंक की संशोधित दरें 15 अप्रैल, 2025 से लागू होंगी।एसबीआई की लोन की दर पर यह कटौती रिजर्व बैंक की नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद की गई है। स्टेट बैंक की यह कटौती पिछले हफ्ते आरबीआई द्वारा लगातार दूसरी बार प्रमुख नीतिगत दर में 25 आधार अंकों की कटौती के जवाब में की गई है, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ के खतरे का सामना कर रहे विकास को समर्थन दिया जा सके।

उल्लेखनीय है कि एसबीआई ने इसके अलावा जमा दरों में 10-25 आधार अंकों की कटौती की है, जो 15 अप्रैल से प्रभावी होगी।

ओली की पार्टी पूर्व राजा के विरोध में एक लाख युवाओं को काठमांडू की सड़कों पर उतारेगी

काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) ने पूर्व राजा के खिलाफ एक लाख युवाओं को काठमांडू की सड़कों पर उतारने का फैसला लिया है।

पार्टी के प्रवक्ता प्रदीप ज्ञवाली ने बताया कि यूएमएल पार्टी की आज पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया है कि पूर्व राजा की गतिविधि के विरोध में युवाओं को सड़क पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारा शक्ति प्रदर्शन गणतंत्र को बचाने और राजतंत्र के पक्ष में बढ़ती गतिविधि को रोकने के लिए है। इसके लिए देशभर से युवाओं को 24 अप्रैल को काठमांडू आने का आह्वान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिस दिन नेपाल में लोकतंत्र की पुनर्बहाली हुई थी, उसी दिन यह शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा।

पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र ने 24 अप्रैल, 2006 को ही नेपाल में हुए जनांदोलन के आगे झुकते हुए नेपाल में लोकतंत्र की पुनर्बहाली की घोषणा की थी। अब इसी दिन राज समर्थकों ने भी पहले ही अपने प्रदर्शन की घोषणा की है।

नेपाल में आज मनाया जा रहा है विक्रम संवत 2082 नववर्ष

काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल सोमवार को अपना नव वर्ष मना रहा है। नेपाल के आधिकारिक विक्रम संवत 2082 कैलेंडर के मुताबिक आज वैशाख का पहला दिन है। नव वर्ष के अवसर पर देश के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल, उपराष्ट्रपति राम सहाय यादव, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ने देशवासियों के नाम संदेश जारी करते हुए शुभकामना दी है। नव वर्ष के अवसर पर नेपाल के सभी धार्मिक स्थलों, मंदिरों में दर्शन के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें देखी जा सकती है। काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की भीड़ लगी है।नववर्ष के अवसर पर देशभर में कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के तरफ से देश के सभी प्रमुख मठ मंदिरों में नव वर्ष के अवसर पर दीपोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके अलावा देशभर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।विक्रम संवत पश्चिमी कैलेंडर से 56 साल और 8 महीने पहले है। 12 महीने हैं, लेकिन प्रत्येक महीने में दिनों की संख्या हर साल बदलती है और 32 तक जा सकती है। इसका मतलब है कि लीप वर्ष की कोई आवश्यकता नहीं है। यह एक सौर कैलेंडर है और प्राचीन हिंदू परंपराओं पर आधारित है। इसका नाम और शुरूआत उज्जैन के महान राजा विक्रमादित्य से मिलती है।

यूक्रेन युद्ध पर बातचीत सकारात्मक दिशा में, त्वरित हल की उम्मीद नहीं: क्रेमलिन

मॉस्को, (एजेंसी) : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूक्रेन युद्ध के समाधान की दिशा में की जा रही कोशिशों पर क्रेमलिन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वाशिंगटन के साथ संपर्क हूबहू अच्छेह्न स्तर पर है, लेकिन त्वरित कोई परिणाम निकालना संभव नहीं है। क्रेमलिन ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सेंट पीटर्सबर्ग में चार घंटे लंबी वार्ता की।क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूसी राज्य टीवी से बातचीत में कहा, हमसंपर्क कई स्तरों पर हो रहे हैं- विदेश मंत्रालय, खुफिया एजेंसियों और निवेश प्रतिनिधियों के माध्यम से। लेकिन बाइडन प्रशासन के दौरान संबंधों को जो क्षति पहुंची, उसे देखते हुए त्वरित परिणाम की उम्मीद करना उचित नहीं होगा।प्रवक्ता ने कहा कि- डोनाल्ड ट्रंप, जो खुद को हूशांति दूतह्व के रूप में याद किया जाना चाहते हैं, कई बार कह चुके हैं कि वे यूक्रेन में तीन साल से जारी हूरक्तपातह्व को खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप का प्रशासन अब इस युद्ध को अमेरिका और रूस के बीच एक हूप्रॉक्सी युद्धह्व के रूप में देखता है, जो रूस के नजरिए से मेल खाता है।

पीएमएमवाई के तहत 33 लाख करोड़ रुपये के गारंटी मुक्त ऋण स्वीकृत, 68 फीसदी लाभार्थी महिलाएं: पंकज चौधरी

नई दिल्ली/नागपुर, (एजेंसी) : केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 52 करोड़ लोगों को कारोबार शुरू करने के लिए 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले लोन दिए गए हैं। इन लाभार्थियों में 68 फीसदी महिलाएं शामिल हैं।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने नागपुर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारियों के 77वें बैच को संबोधित करते हुए यह बात कही। पंकज चौधरी ने आर्थिक वृद्धि को लेकर देश के दृष्टिकोण पर कहा, ह्यह्यपिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने 52 करोड़ लोगों को 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले लोन दिए हैं। यह ऋण 50,000 रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक के हैं।

आईआरएस के 77वें बैच के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में मंत्री ने कहा, ह्यह्यआज लोग इन लोन की मदद से नए-नए कारोबार की शुरूआत कर रहे हैं। देश की आर्थिक वृद्धि में अपना योगदान दे रहे हैं। चौधरी ने कहा कि इन लाभार्थियों में 68 फीसदी महिलाएं हैं, उन्होंने नए व्यवसाय शुरू किए हैं।इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने नवप्रशिक्षित अधिकारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें देश की आर्थिक संरचना को मजबूत करने और करदाताओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी और परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इसके अलावा चौधरी ने भारतीय संविधान के शिल्पी, 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर नागपुर स्थित पावन दीक्षाभूमि पहुंचकर नमन किया। वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बाबा साहेब की धरोहरों के संरक्षण और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इनमें पंच तीर्थों का विकास, संवैधानिक मूल्यों को चेतना और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाया है, जो इसी संकल्प का प्रमाण हैं।

इस सप्ताह सिर्फ 3 दिन होगा स्टॉक मार्केट में कारोबार, शुक्रवार को भी रहेगी छुट्टी

दिल्ली, (एजेंसी) :आज से शुरू हुआ अप्रैल का तीसरा सप्ताह स्टॉक मार्केट के लिहाज से सिर्फ तीन दिन का सप्ताह रहने वाला है। स्टॉक मार्केट में आज डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर छुट्टी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ ही सभी बड़े कारोबारी सेगमेंट्स में आज कामकाज नहीं हो रहा है। मंगलवार 15 जनवरी को शेयर बाजार खुलेगा। इसके बाद 16 और 17 अप्रैल को बाजार में सामान्य कारोबार होगा, जबकि शुक्रवार 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे की वजह से स्टॉक मार्केट में एक बार फिर छुट्टी हो जाएगी।

डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती की छुट्टी होने के कारण आज गिफ्ट निफ्टी को छोड़कर स्टॉक मार्केट से जुड़ी सभी गतिविधियां बंद हैं। इक्विटी सेगमेंट में तो कारोबार नहीं हो हो रहा है, इक्विटी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग्स (एसएलबी), करेंसी डेरिवेटिव्स और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (ईजीआर) में भी कोई कारोबार नहीं हो रहा है। स्टॉक एक्सचेंज के हॉली-डे कैलेंडर के अनुसार इस महीने शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टी के अलावा इसी सप्ताह शुक्रवार यानी 18 अप्रैल को स्टॉक मार्केट में गुड फ्राइडे की छुट्टी होगी। स्टॉक एक्सचेंज के हॉली-डे कैलेंडर के अनुसार अप्रैल महीने के बाद इस साल 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर स्टॉक एक्सचेंज बंद रहेगा। इसके अलावा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन, 21 और 22 अक्टूबर को दिवाली के अवसर पर, 5 नवंबर को प्रकाश पर्व के मौके पर और 25 दिसंबर को क्रिसमस के कारण स्टॉक मार्केट में छुट्टी रहेगी।

केंद्र ने गैस मीटरों के लिए बनाए मसौदा नियम, परीक्षण, सत्यापन और मुहर लगाना अनिवार्य

नई दिल्ली, (एजेंसी) : केंद्र सरकार ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत गैस मीटरों के लिए मसौदा नियम तैयार किए हैं। इस नियम के तहत व्यापार और वाणिज्य के लिए उपयोग में लाए जाने से पहले गैस मीटरों का परीक्षण, सत्यापन और स्टाम्पिंग अनिवार्य होगा।उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि विभाग ने विधिक मापविज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के तहत गैस मीटरों के लिए मसौदा नियम तैयार करके उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने, न्यायसंगत व्यापार पद्धतियों को बढ़ावा देने और गैस के उपयोग में सटीक माप सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इन नियमों के तहत गैस मीटरों के उपयोग में लाने पर उनकी शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए इन नियमों के अंतर्गत उनका पुनः सत्यापन भी निर्धारित किया गया है, ताकि उपयोग में होने पर उनकी शुद्धता सुनिश्चित की जा सके।

मंत्रालय के अनुसार इन नए नियमों का प्राथमिक उद्देश्य गैस के मापन में सटीकता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। सत्यापित और मुहर लगे गैस मीटर अधिक शुल्क लेने या कम मापन को रोकेंगे, विवादों में कमी लाएंगे और उपभोक्ताओं को दोषपूर्ण या हेरफेर किए गए उपकरणों से निश्चित तौर पर सुरक्षा प्रदान करेंगे। उपभोक्ताओं को उचित बिलिंग, बेहतर ऊर्जा दक्षता तथा मानकीकृत एवं अनुरूप उपकरणों की बदौलत कम रखरखाव लागत के जरिए सीधा लाभ मिलेगा।

उपभोक्ताओं को होने वाले लाभों के अलावा यह नियम विनिर्माताओं और गैस वितरण कंपनियों के लिए सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय पद्धतियों और इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ लीगन मेट्रोलॉजी (ओआईएमएल) मानकों के अनुरूप है।

कैट ने मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद का किया आह्वान

नई दिल्ली,(एजेंसी) :कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देशभर के व्यापारियों और नागरिकों से आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन ने व्यापारियों से भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और उपभोक्ताओं से देशी वस्तुओं तथा स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने की अपील की है। इसका मकसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' एवं 'मेड इन इंडिया' विजन को मजबूती देना है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस अभियान से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और संप्रभुता को मजबूती मिलेगी। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को देश के कोने-कोने में सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर भारतीय को एकजुट होकर भारतीय वस्तुओं और व्यवसायों का समर्थन करना चाहिए। इस मुहिम में 9 करोड़ से ज्यादा व्यापारी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

खंडेलवाल ने एक मजबूत आर्थिक नींव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद आज की सबसे बड़ी जरूरत है। हर भारतीय को एकजुट होकर भारतीय वस्तुओं और व्यवसायों का समर्थन करना चाहिए। यह केवल व्यापार का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, आर्थिक मजबूती और रणनीतिक आत्मनिर्भरता से जुड़ा मुद्दा है। इस राह पर सभी को साथ लेकर चलना होगा। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि विदेशी फंडिंग वाली ई-कॉमर्स कंपनियां तथा क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म ब्रांड्स के साथ मिलकर भारतीय बाजार में विदेशी और नकली उत्पादों की भरमार कर रही हैं, जिससे देश का खुदरा व्यापार ढांचा बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कैट लंबे समय से घरेलू उद्यमिता के पक्ष में खड़ा रहा है और विदेशी–विशेष रूप से चीनी–उत्पादों पर निर्भरता को कम करने की निरंतर वकालत करता रहा है। वर्षों से संगठन ने देशव्यापी अभियानों का नेतृत्व किया है, जिनमें चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान प्रमुख रहा है और जिसका असर पूरे देश में देखने को मिला है। वर्तमान टैरिफ युद्ध में चीन अपना सामान भारत में थोपने की कोशिश कर रहा है लेकिन भारत के व्यापारी एवं लघु उद्योग चीन के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि देशभर में फैले 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों के व्यापक नेटवर्क के साथ कैट जन जागरुकता अभियानों, संपर्क कार्यक्रमों और जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी के जरिए आत्मनिर्भर, टिकाऊ और राष्ट्रीय हितों पर आधारित एक नए आर्थिक ढांचे के निर्माण के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

एसबीआई और बीओआई ने भी एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कटौती का ऐलान किया

नई दिल्ली, (एजेंसी) : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) द्वारा रेपो रेट में कटौती का असर अब नजर आने लगा है। इसकी वजह से जहां कुछ बैंकों ने कर्ज की दरों में कटौती करने का ऐलान किया है, तो कई बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और सेविंग अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज की दरों में भी कटौती कर दी है। अब एफडी पर ब्याज दरों में कटौती करने वाले बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नाम भी शामिल हो गया है। एफडीएफसी बैंक ने सेविंग अकाउंट पर भी ब्याज दर को 3 प्रतिशत से घटा कर 2.75 प्रतिशत कर दिया है।

बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट की कई स्कीमों पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कटौती कर दी है। इसके तहत 91 से 179 दिन वाली एफडी पर अब 4.50 प्रतिशत की जगह 4.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसी तरह 180 दिन से 1 साल से कम वाली एफडी पर मिलने वाली 6 प्रतिशत ब्याज दर को घटा कर 5.75 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं 1 साल की एफडी पर अब 7 प्रतिशत की जगह 6.80 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा 1 साल से ज्यादा और 2 साल से कम की अवधि वाले एफडी पर 6.75 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा, जबकि पहले ये ब्याज दर 6.80 प्रतिशत के स्तर पर थी।

इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट में कमी होने के बाद अपने ग्राहकों को डबल झटका दिया है। बैंक ने अपनी रेगुलर एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दर को तो घटाने का ऐलान किया ही है। बैंक ने अपनी स्पेशल एफडी स्कीम अमृत वृष्टि पर मिलने वाले ब्याज की दर में भी 0.20 प्रतिशत की कटौती कर दी है। अमृत वृष्टि एसबीआई की 444 दिन चलने वाली स्पेशल एफडी स्कीम है। इसमें अभी तक जमाकताओं को 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाता था जबकि सीनियर सिटीजन को 7.75 प्रतिशत की दर से और 80 साल से अधिक आयु वाले जमाकताओं को 7.85 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाता था। अब बैंक ने जो नया ऐलान किया है, उसके मुताबिक 15 अप्रैल से इस एफडी स्कीम के तहत सामान्य जमाकताओं को 7.05 प्रतिशत, सीनियर सिटीजन को 7.55 प्रतिशत और 80 साल से अधिक आयु वाले सुपर सीनियर सिटीजन को 7.65 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा दूसरी बार रेपो रेट घटाने के बाद से एफडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक और यस बैंक पहले ही फिक्स डिपॉजिट पर ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान कर चुके हैं। अब एफडी पर ब्याज दरों में कटौती करने वाले बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नाम भी शामिल हो गया है। एफडीएफसी बैंक ने अब सेविंग अकाउंट पर भी ब्याज दर को 3 प्रतिशत से घटा कर 2.75 प्रतिशत कर दिया है।

पाकिस्तान में आधीरात ट्रेन को रास्ते में सुरक्षा कारणों से रोका गया

इस्लामाबाद, (एजेंसी) : पाकिस्तान में कराची से क्वेटा जा रही बोलन मेल (3अप) को रविवार रात सुरक्षा कारणों से जैकोबाबाद रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। यात्री रात भर परेशान रहे। उनमें सुबह कुछ को बसों के जरिए उनके गंतव्य स्थानों के लिए भेजा गया। कुछ यात्रियों को किराया वापस कर दिया गया।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार, रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन आधी रात के बाद कराची से जैकोबाबाद पहुंची। संबंधित अधिकारियों ने स्टेशन मास्टर को सूचित किया कि ट्रेन को स्टेशन पर ही रोक दिया जाए और सुरक्षा मंजूरी मिलने तक इसे क्वेटा की ओर आगे न बढ़ने दिया जाए।

पाकिस्तान रेलवे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आमिर अली बलूच ने क्वेटा जाने वाली बोलन मेल के घंटों तक रुके रहने की पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि ऐसा सुरक्षा कारणों से किया गया क्योंकि रात के समय बलूचिस्तान में ट्रेन संचालन की अनुमति नहीं है। क्वेटा डिवीजन के एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि ट्रेन में करीब 150 यात्री सवार थे। उन्होंने दावा किया कि सुरक्षा मंजूरी नहीं मिलने के बाद ट्रेन को आगे की यात्रा स्थगित कर दी गई और यात्रियों को कड़ी सुरक्षा के बीच बसों के जरिए क्वेटा और अन्य गंतव्यों के लिए भेज दिया गया।सीईओ ने कहा कि यह ट्रेन रात के समय जैकोबाबाद पहुंची और अगर यह अपनी यात्रा जारी रखती तो देररात सिबी पहुंचती। इसलिए ट्रेन को जैकोबाबाद में रोककर यात्रियों से सुबह तक इंतजार करने को कहा। उन्होंने कहा कि कुछ यात्रियों को रिफंड दिया गया, जबकि करीब 100 यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था करने को कहा। इसलिए उन्हें बसों के जरिए उनके गंतव्य तक भेजा गया।प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से ट्रेन खाली करने को कहा। इस पर यात्री भड़क गए और उन्होंने जैकबाबाद में विरोध प्रदर्शन किया। गुस्साए यात्रियों ने कहा कि रेलवे प्रशासन ने उनसे कराची से क्वेटा तक का किराया तो वसूल लिया, लेकिन बीच यात्रा में उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। यात्रियों ने इसे अन्याय बताया और कहा कि जैकबाबाद से क्वेटा तक का किराया एक हजार रुपये से अधिक था, लेकिन रेलवे प्रशासन ने कुछ यात्रियों को केवल 200 रुपये लौटाए, जबकि अन्य को बिल्कुल भी पैसे नहीं दिए गए।

संक्षिप्त खबरें

द मास्टर्स 2025: रोरी मैकइलरॉय ने पूरा किया करियर ग्रैंड स्लैम, मिली ग्रीन जैकेट

अगस्ता, (एजेंसी) :अगस्ता नेशनल गोल्फ क्लब में रविवार को इतिहास रच दिया गया, जब रोरी मैकइलरॉय ने एक रोमांचक मुकाबले में जस्टिन रोज को प्लेऑफ में हराकर द मास्टर्स 2025 का खिताब जीत लिया। इसी के साथ मैकइलरॉय ने करियर ग्रैंड स्लैम भी पूरा कर लिया और वो गोल्फ इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए।

ऐसे बना रोमांचक मुकाबला

पूरे टूर्नामेंट में बढ़त बनाए रखने वाले मैकइलरॉय ने आखिरी दिन शुरूआत में ही दो शॉट की बढ़त गंवा दी। इसके बाद बैक-नाइन पर तीन होल में चार शॉट की बढ़त भी हाथ से निकल गई। 13वें होल पर उनकी एक गलती ने मैच को पूरी तरह रोमांचक बना दिया, जब उनका शॉट रे क्रीक में चला गया और डबल बोगी करनी पड़ी।

दो शानदार शॉट्स से वापसी

हालात मुश्किल होने के बाद भी मैकइलरॉय ने हार नहीं मानी। 15वें होल पर शानदार 7-आयरन से गेंद को 6 फीट तक पहुँचाया और बर्डी लगाकर बराबरी कर ली। इसके बाद 17वें होल पर 8-आयरन से बेहतरीन शॉट खेलते हुए 2 फीट तक गेंद पहुँचाई और बर्डी कर एक शॉट की बढ़त ले ली।

जस्टिन रोज का जबरदस्त संघर्ष

जस्टिन रोज ने भी कमाल की वापसी की। शनिवार को 75 का स्कोर खेलने वाले रोज आखिरी दिन 10 बर्डी लगाकर खिताबी दौड़ में लौटे। 18वें होल पर 20 फीट की बर्डी पुट लगाकर मुकाबला प्लेऑफ में पहुँचाया। हालांकि प्लेऑफ में उनकी किस्मत ने फिर साथ नहीं दिया।

आखिरकार मिली ग्रीन जैकेट

प्लेऑफ में मैकइलरॉय ने तीसरे शॉट पर गेंद को 3 फीट तक पहुँचाया और बर्डी करते हुए खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद वो घुटनों के बल बैठ गए और खुशी के आँसू बहाए। इस खिताब के साथ उन्होंने 11 साल का मेजर टाइटल का सूखा खत्म किया और टाइगर वुड्स, जैक निकलॉस जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गए।

कार्लोस अल्कराज ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब

मोनाको, (एजेंसी) : स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपना पहला मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। 21 वर्षीय अल्कराज ने यह मुकाबला 3-6, 6-1, 6-0 से अपने नाम किया। यह कार्लोस अल्कराज के करियर का छठा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब है। इसके साथ ही यूरोपीय क्ले-कोर्ट सीजन की शुरूआत उन्होंने जीत के साथ की है। अब अल्कराज फ्रेंच ओपन में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

मुसेट्टी ने पहले सेट में चौंकाया, लेकिन फिर अल्कराज ने की वापसी

मैच की शुरूआत में अल्कराज लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे और उन्होंने अपने शुरूआती दो सर्विस गेम गंवा दिए। पहले सेट में उन्होंने 14 अनफोर्स्ड एरर किए, जिसका फायदा उठाकर मुसेट्टी ने 6-3 से बढ़त बना ली। हालांकि, इसके बाद अल्कराज ने जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट 6-1 से अपने नाम किया। तीसरे और निर्णायक सेट में उन्होंने मुसेट्टी को पूरी तरह दबाव में रखते हुए 6-0 से मुकाबला समाप्त कर खिताब अपने नाम किया।

मैच के दौरान लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे सेट में दाहिने पैर में परेशानी हुई, जिसके लिए उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, वह कोर्ट पर लौटे, लेकिन ज्यादा संघर्ष नहीं कर पाए।

जीत के बाद अल्कराज ने कहा, ₹मैं इस तरह मैच नहीं जीतना चाहता था। लोरेंजो ने इस हफ्ते बेहद कठिन मुकाबले खेले। मैं उनके लिए दुख महसूस कर रहा हूं कि मुकाबला इस तरह खत्म हुआ। मैं मोंटे कार्लो का खिताब जीतकर बेहद खुश हूं। पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए कोर्ट के अंदर और बाहर दोनों ही जगह मुश्किल भरे रहे, लेकिन मेहनत का नतीजा देखकर अच्छा लग रहा है।

इस जीत के साथ ही कार्लोस अल्कराज सोमवार को जारी होने वाली ताजा एटीपी रैंकिंग में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पीछे छोड़कर विश्व नंबर-2 बन जाएंगे।पिछले साल फ्रेंच ओपन के बाद से क्ले कोर्ट पर अल्कराज का यह 17वां जीत और कुल रिकॉर्ड 17-1 है। उन्हें इस दौरान एकमात्र हार पेरिस 2024 ओलंपिक के फाइनल में नोवाक जोकोविच के हाथों मिली थी।

प्रयागराज में चार दिवसीय राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता, शामिल होंगे दो सौ खिलाड़ी

प्रयागराज, (एजेंसी) :इलाहाबाद कैरम संघ चार दिवसीय राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 16 अप्रैल से 19 अप्रैल तक ठाकुर हर नारायण सिंह डिग्री कॉलेज करैलाबाग इलाहाबाद के परिसर में किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को मीडिया से इलाहाबाद कैरम संघ के सचिव मोहम्मद सिराज उद्दीन और अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कैरम खेल को बढ़ावा देना और राज्य भर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ी प्रदेश के 34 जनपदों से शामिल होने के लिए आएंगे। इस मौके पर हर नारायण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार ने कहा कि कैरम का खेल टेबल पर खेलने वाला खेल है। लेकिन अब यह मोबाइल फोन पर ही रह गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 अप्रैल को 11 बजे महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी व हरनारायण डिग्री कॉलेज के निदेशक ठाकुर उदय प्रताप सिंह करेंगे।

प्रथम जिला पुंछ कलारीपयट्टू चैम्पियनशिप 2025-26 का सफलतापूर्वक समापन

पुंछ, (एजेंसी) : प्रथम जिला पुंछ कलारीपयट्टू चैम्पियनशिप 2025-26 का समापन इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पुंछ में शानदार तरीके से हुआ। इस चैम्पियनशिप में पुंछ के विभिन्न स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिन्होंने अपने असाधारण कौशल और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला पुंछ कलारीपयट्टू एसोसिएशन द्वारा किया गया था जिसका उद्देश्य क्षेत्र में कलारीपयट्टू को बढ़ावा देना और युवा एथलीटों को खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश रैना (पूर्व भाजपा अध्यक्ष जिला पुंछ) उपस्थित थे। इरशाद आजम (प्रधानाचार्य हैकिया इंटरनेशनल स्कूल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों में साद चौहान, अनिल शर्मा, परवेज मलिक अफरीदी (वरिष्ठ क्रिकेट कोच जिला पुंछ) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रुद्राक्षित गुप्ता (कार्यकारी सदस्य कलारीपयट्टू एसोसिएशन ऑफ जेएंडके) विशेष आमंत्रित और चैंपियनशिप के पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। चैंपियनशिप अभय रैना सचिव (जिला पुंछ कलारीपयट्टू चैंपियनशिप) की तकनीकी देखरेख में आशिक हुसैन की सहायता से आयोजित की गई थी।

उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व ने कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित किया। इस अवसर पर बोलते हुए राजेश रैना ने खेलों को बढ़ावा देने और युवा एथलीटों के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करने में जिला पुंछ कलारीपयट्टू एसोसिएशन के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल के प्रति अपना समर्पण जारी रखने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। चैंपियनशिप का समापन पदक वितरण और एथलीटों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता के साथ हुआ। जिला पुंछ कलारीपयट्टू एसोसिएशन ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने के लिए सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज-1 : पुरुष रिकर्व टीम इवेंट में भारत ने जीता रजत

नई दिल्ली, (एजेंसी) :भारत ने आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-1 में पुरुष रिकर्व टीम इवेंट का रजत मेडल अपने नाम किया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को चीन के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा।

धीरज, तरूणदीप और अतानु की तिकड़ी ने दिलाया भारत को तीसरा पदकभारतीय टीम की ओर से धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय और अतानु दास की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में भारत का तीसरा पदक दिलाया। इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण और कंपाउंड मेंस टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता था।

पहले सेट में बराबरी, फिर चीन ने ली बढ़त

रिकर्व टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में भारत और चीन की टीमों ने पहले सेट में 54-54 की बराबरी की। लेकिन दूसरे सेट में चीन ने चार 10 का स्कोर करते हुए 58-55 से जीत दर्ज की और 3-1 की बढ़त बना ली। भारत की ओर से एक बार फिर 8 अंक स्कोर कर पिछड़ने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

तीसरे सेट में भी चूकी भारतीय टीम, चीन ने स्वर्ण किया अपने नाम

तीसरे सेट में भारत को मैच में बने रहने के लिए जीत दर्ज करनी थी, लेकिन भारतीय तीरंदाज 54 अंक ही जुटा सके। चीन ने 55 अंक बनाकर सेट और मुकाबला दोनों अपने नाम कर लिया। इसी के साथ चीन ने स्वर्ण पदक जीता।

अभिषेक वर्मा चौथे स्थान पर, धीरज से उम्मीद

कंपाउंड मेंस इंडिविजुअल कैटेगरी में भारत के अनुभवी अभिषेक वर्मा मेडल से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। वहीं, धीरज बोम्मदेवरा मेंस रिकर्व इंडिविजुअल इवेंट में अभी भी मुकाबले में बने हुए हैं, जिनका प्रदर्शन दिन में बाद में होगा।

स्पोर्ट्सस्किल अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कदम रखने को तैयार, कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान

पुणे, (एजेंसी) : खेल तकनीक की दुनिया में तेजी से उभर रही कंपनी स्पोर्ट्सस्किल ने 2025 के लिए अपने बड़े और महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान किया है। कंपनी ने हाल ही में वाइमिया बे इन्वेस्टमेंट्स से शुरूआती पूंजी निवेश (प्री-सीड निवेश) प्राप्त किया है, जिसे कनरथ पी. बलाराज प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस निवेश के जरिए स्पोर्ट्सस्किल अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कदम रखने की तैयारी कर रही है और खेल प्रशिक्षण के क्षेत्र में नवाचार लाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

कंपनी का लक्ष्य है कि 2025 की दूसरी छमाही तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहुंच बनाए। इसके साथ ही स्पोर्ट्सस्किल की उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित खेल प्रशिक्षण ऐप खिलाड़ियों को आँकड़ों के आधार पर विश्लेषण और व्यक्तिगत कोचिंग प्रदान करेगी, जिससे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का एक नया मानक स्थापित होगा। इसके अतिरिक्त कंपनी ने पुणे में देश का पहला उच्च प्रदर्शन गेम आधारित प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने का ऐलान किया है। इस केंद्र में खिलाड़ियों को फिटनेस, तकनीक और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बा बढ़ाने का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण को खेल का रूप देकर इसे रोचक और आकर्षक बनाया गया है, जिससे खिलाड़ी मजे के साथ-साथ पेशेवर तरीके से अपनी क्षमता को निखार सकें।स्पोर्ट्सस्किल ने 2025 में देशभर के विद्यालयों के साथ अपनी साझेदारी बढ़ाने की योजना बनाई है। कंपनी का मानना है कि जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों का प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रशिक्षण समाधान के जरिए विद्यालय के विद्यार्थियों को भी उन्नत प्रशिक्षण उपकरण प्रदान किए जाएंगे, ताकि बचपन से ही खिलाड़ी तकनीक और आंकड़ों पर आधारित प्रशिक्षण का लाभ उठा सकें।

आईपीएल 2025: सीएसके ने गायकवाड़ की जगह आयुष म्हात्रे को टीम में किया

नई दिल्ली, (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अब तक खराब प्रदर्शन से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बड़ा फैसला लिया है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर पूरे सीजन से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने मुंबई के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे को टीम में शामिल किया है। 17 वर्षीय म्हात्रे को दो दिन में टीम से जुड़ने के लिए कहा गया है और वे जल्द ही सीएसके के स्क्वाड का हिस्सा बन सकते हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ये सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। टीम ने सात में से केवल एक मुकाबला जीता है और लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इसी बीच कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के कोहनी में फ्रैक्चर के चलते पूरे सीजन से बाहर हो जाने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं।

ट्रायल के बाद मिला मौका, दिग्गजों को पछाड़ा

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार,, सीएसके मैनेजमेंट ने आयुष म्हात्रे समेत उर्विल पटेल (गुजरात), सलमान निजार (उत्तर प्रदेश) और पृथ्वी शॉ को ट्रायल के लिए चेन्नई बुलाया था। हालांकि, प्रदर्शन और फिटनेस के आधार पर आयुष म्हात्रे का चयन किया गया। आईपीएल 2025 की नीलामी में 30 लाख के बेस प्राइस पर भी कोई खरीदार न मिलने वाले म्हात्रे को अब बड़ा मौका मिल गया है।

सीएसके अभी लखनऊ में अपना सातवां मुकाबला खेलने पहुंची है, जहां सोमवार रात वे लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ भिड़ेगी। इसके बाद टीम 20 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में उतरेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आयुष म्हात्रे मुंबई में ही सीएसके स्क्वाड से जुड़ेंगे।

मुंबई के क्रिकेट सर्कल में चर्चित नाम

17 वर्षीय आयुष म्हात्रे मुंबई के क्रिकेट सर्कल में उभरता हुआ सितारा हैं। अब तक खेले गए 9 फर्स्ट क्लास मैचों में वे 504 रन बना चुके हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वहीं, 7 लिस्ट ए मुकाबलों में भी उन्होंने 458 रन बनाए हैं। पिछले साल अक्टूबर में डेब्यू करने वाले म्हात्रे को क्रिकेट विशेषज्ञ भविष्य का भारतीय खिलाड़ी मानते हैं।

मेजर लीग सॉकर: इंटर मियामी ने शिकागो फायर के खिलाफ खेला गोल रहित ड्रॉ

शिकागो, (एजेंसी) :अमेरिकी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में रविवार को इंटर मियामी और शिकागो फायर के बीच मुकाबला बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। लियोनेल मेसी ने पूरे 90 मिनट मैदान पर बिताए और कई रोमांचक मौके बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मुकाबले में दोनों टीमों के गोलकीपर्स ने शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार इस सीजन में क्लीन शीट हासिल की।

मेसी के दो शानदार प्रयास, लेकिन किस्मत ने नहीं दिया साथ

इस मुकाबले में लियोनेल मेसी ने 64वें और 85वें मिनट में गोल करने की पूरी कोशिश की। पहले मेसी का शानदार शॉट शिकागो के गोलकीपर क्रिस ब्रैडी ने क्रॉसबार की मदद से बचाया, वहीं दूसरे मौके पर भी गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। मेसी ने लुइस सुआरेज को भी एक बेहतरीन पास दिया था, लेकिन वह ऑफसाइड करार दिया गया।

इंटर मियामी का लगातार दूसरा ड्रॉ

कॉनकाकैफ चैंपियंस कप क्वार्टर फाइनल में एलएएफसी के खिलाफ जबरदस्त वापसी के बाद इंटर मियामी को एमएलएस में लगातार दूसरे मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। इस सीजन यह पहला मौका था जब इंटर मियामी किसी एमएलएस मुकाबले में गोल नहीं कर सका।

शिकागो फायर ने पहली बार रखा क्लीन शीट

शिकागो फायर के लिए यह इस सीजन का पहला क्लीन शीट था। टीम ने बीते तीन मैचों में दो ड्रॉ और एक हार झेली थी। इस मुकाबले में भी शिकागो ने आखिरी मिनटों में कुछ बेहतरीन मौके बनाए, लेकिन इंटर मियामी के गोलकीपर ऑस्कर उस्टारी ने शानदार बचाव कर टीम को हार से बचा लिया।

अंतिम मिनटों में मुकाबला हुआ रोमांचक

पहले हाफ में मुकाबला धीमा रहा, लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम मिनटों में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। शिकागो के जोनाथन बम्बा और मारन हाइले-सेलासी ने भी गोल करने की कोशिश की, लेकिन किस्मत और इंटर मियामी की डिफेंस ने उन्हें सफलता नहीं दी।

आईएसएसएफ विश्व कप का दूसरा चरण कल से, पेरू होगा मेजबान

नई दिल्ली, (एजेंसी) : इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन स्टेज के दूसरे चरण की शुरूआत पेरू की राजधानी लीमा स्थित लास पालमास रेंज में मंगलवार (15 अप्रैल, 2025) से होने जा रही है। पहले दिन पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल होंगे।

तीनों श्रेणियों-राइफल, पिस्टल और शॉटगन, में कुल 15 इवेंट्स होंगे, जिनमें 43 देशों के लगभग 400 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत की 35 सदस्यीय टीम इस चरण में भाग ले रही है और साल के अंत में होने वाली प्रतिष्ठित आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले अपना दबदबा कायम करने की कोशिश करेगी।पहले चरण का आयोजन पिछले सप्ताह अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था, जहां भारत ने कुल आठ पदक जीते थे, जिनमें चार स्वर्ण पदक शामिल थे। भारत तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लीमा में भी दोनों देशों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।मंगलवार को भारतीय प्रशंसकों की निगाहें महिलाओं की एयर पिस्टल में मनु भाकर, सुरुचि और सैयम पर होंगी, जबकि पुरुषों की स्पर्धा में सौरभ चौधरी, वरुण तोमर और रविंदर स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे।अर्जेंटीना वर्ल्ड कप के सभी विजेता लीमा में भी भाग ले रहे हैं। इसके अलावा चेक गणराज्य की मजबूत टीम भी इस चरण में भाग ले रही है, जिसमें जिरी प्रिवरात्स्की जैसे निशानेबाज शामिल हैं, जो पहले चरण में मौजूद नहीं थे। चीन, अमेरिका, इटली, जर्मनी, स्पेन, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमें अर्जेंटीना की तरह लीमा में भी हिस्सा लेंगी। मेजबान पेरू ने 37 खिलाड़ियों की बड़ी टीम उतारी है, जबकि ब्राजील, ग्वाटेमाला और चिली जैसे लैटिन अमेरिकी देश भी क्षेत्रीय परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल 2025: धीमी ओवर गति के कारण अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपये का जुमार्ना

नई दिल्ली, (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को अपने ही घर अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के हाथों 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में दिल्ली की ओर से करुण नायर ने शानदार 89 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वहीं, धीमे ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

करुण नायर की पारी गई बेकार, तीन रन आउट ने पलटा मैच

दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी और सूर्यकुमार यादव व नमन धीर की तेजतर्रार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में 205/5 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की शुरूआत बेहद खराब रही और पहले ही गेंद पर जैक फ्रेजर मैकगर्क बिना खाता खोले आउट हो गए।

दिल्ली की ओर से करुण नायर ने तीन साल बाद आईपीएल में खेलते हुए 40 गेंदों पर 12 चौके और 5 छक्कों की मदद से 89 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके अलावा केवल अभिषेक पोरेल ने 33 रन बना सके। आखिरी ओवरों में दिल्ली ने तीन विकेट रन आउट से गंवाए, जिसने मैच का रुख पलट दिया और दिल्ली 19 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 12 रन से मुकाबला अपने नाम किया। अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के चलते लगा जुमार्ना

इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत ओवर रेट में पहली बार नियम का उल्लंघन किया। इस वजह से कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

अक्षर पटेल ने बताई हार की वजह

मैच के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में अक्षर पटेल ने हार की बड़ी वजह खराब शॉट चयन और मिडिल ऑर्डर के विफल रहने को बताया। उन्होंने कहा, हम मैच को अपने हाथ में ले आए थे। कुछ सॉफ्ट डिसमिसल और खराब शॉट्स ने हमें नुकसान पहुंचाया। हर बार लोअर ऑर्डर से उम्मीद नहीं कर सकते। हमें इस हार को भूलना होगा और आगे बेहतर खेल दिखाना होगा।

मुंबई इंडियंस ने तोड़ी दिल्ली की जीत की लय

इस हार के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स की चार मैचों की जीत की लय टूट गई और टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर खिसक गई। वहीं, मुंबई इंडियंस ने सीजन की अपनी दूसरी जीत दर्ज करते हुए सातवें पायदान पर जगह बना ली।

संक्षिप्त खबरें

उपराष्ट्रपति ने बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, (एजेंसी): उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद भवन स्थित प्रेरणा स्थल पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती पर मैं भारत के सबसे महान राष्ट्र-निमार्ताओं और समाज सुधारकों में से एक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमारे संविधान के प्रमुख निमार्ता और सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के लिए अथक योद्धा के रूप में डॉ. आंबेडकर ने अपनी बुद्धि, दृढ़ विश्वास और हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के माध्यम से भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने आगे लिखा, आइए हम स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक आदर्शों के प्रति खुद को फिर से समर्पित करके इस दिन को मनाएं। डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत हमें अधिक समावेशी, न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करती रहे।

सुमन को सुरक्षा देना राजधर्म तो मुर्शिदाबाद के हिन्दुओं की सुरक्षा क्यों नहीं: अम्बरीष सिंह

लखनऊ, (एजेंसी): विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में चरमपंथियों द्वारा हिन्दुओं की हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता अम्बरीष सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि देश के महानायकों में एक को अपशब्द कहने वाले, अपमानित करने वाले सांसद रामजीलाल सुमन को सुरक्षा देना राजधर्म है तो पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में इस्लामी चरमपंथियों के सामने निर्दोष हिन्दुओं को मरने के लिए छोड़ देना क्या है? उन्होंने कहा कि एक सत्तालोलुप महिला जिसके सत्ता का ₹महलल₹ ही बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्याओं और इस्लामपंथी अराजक तत्वों के सहारे खड़ा है, उसके भरोसे यदि केन्द्र सरकार बंगाल के हिन्दुओं के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा छोड़ती है तो यह हिन्दू, देश और संविधान के साथ घोर विश्वासघात होगा।

विहिप के प्रवक्ता ने कहा कि ममता बनर्जी की सौ गलतियां पूरी नहीं हुईं? केशव के ₹ सुदर्शन ₹ का संधान आखिर कब होगा? बंगाल में हिन्दू मारे जा रहे हैं। देश का संविधान लहराने वाले सेकुलर गैंग, नुक्कड़ नाटक करने वाले, जगह -जगह मोर्चा खोलने वाले तथाकथित प्रगतिवादी लेखक, पत्रकार, कलाकार और विचारक बंगाल में गधे के सिर से सींग की तरह गायब हैं। यदि बंगाल की प्रतिक्रिया देश के अन्य स्थानों पर आरम्भ हो गई तो क्या होगा। पलायन के लिए धरती कम पड़ जाएगी। भगवान न करे ऐसा हो यह देश के लिए अच्छा भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बंगाल में हिंसा रोकने का कर्तव्य केंद्र सरकार का है। पश्चिम बंगाल भारत में ही है। वहां के प्रधानमंत्री भी नरेन्द्र मोदी हैं। सही माने में राजधर्म निभाने का समय अब आ गया है।

हिंदू समाज की एकता व समानता को समर्पित रहा आंबेडकर और हेडगेवार का जीवन : डॉ. भागवत

कानपुर, (एजेंसी): राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आज देश डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मना रहा है और आज ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत कार्यालय केशव भवन का प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है। ऐसा इसलिए कि डॉ. आंबेडकर और संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का पूरा जीवन हिंदू समाज की एकता एवं समानता के लिए समर्पित रहा। यह अलग बात है डॉ. आंबेडकर ने अंतिम दिनों में बौद्ध धर्म अपना लिया था, लेकिन एकता समानता एवं बंधुत्व से कभी विमुख नहीं हुए। संघ प्रमुख सोमवार को कानपुर में संघ के प्रांत कार्यालय के लोकार्पण के दौरान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

पांच दिवसीय कानपुर प्रवास पर आए सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के विचार धारा पर काम कर रहा है और इसी विचारधारा पर डॉ. भीमराव आंबेडकर भी कार्यरत रहे। एक बार डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि यह विचार हमने फ्रांसीसी क्रांति से नहीं लिया, बल्कि यह बुद्ध के विचार से अपनाया गया है। विषमता को जड़ से उखाड़ देने के रूप में बाइक के अगर बाबा साहब पैडल किक थे तो संघ भी स्टार्टर है। संघ एक जीवन व वातावरण है, संघ का काम सबको जोड़ने का है। डॉ. आंबेडकर ने जो कार्य किया था, उसकार्य को ही संघ कर रहा है।

उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज के लिए लगा दिया। दोनों हिंदू समाज में एकता व समानता के लिए प्रवासरत रहें। दोनों का काम एक ही था। बस अंतर यह था कि दोनों ने अलग-अलग इस कार्य को शुरू किया। एक बार 1934 में डॉ. आंबेडकर संघ की शाखा में गए। वहां उन्होंने कहा था कि कुछ बातों में मतभेद हैं, इसके बावजूद संघ को अपनत्व के भाव से देखता हूं। उनकी यह बातें तत्कालीन एक समाचार पत्र में भी छपी थीं। संघ एक भावना और एक जीवन है।

यूपी में डॉ. आंबेडकर के नाम पर होगा जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

लखनऊ, (एजेंसी): मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर होगा। इस कार्यक्रम को इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। हर गरीब-वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम को अपने हाथ में लिया है। जीरो पॉवर्टी का मतलब कोई गरीब-वंचित न रह पाए। उन्होंने यह बात भारत रत्न डॉ. आम्बेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने हजरतगंज स्थित डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने आंबेडकर महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। पहले चरण में 14-15 लाख परिवारों को जोड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में 20-25 ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी वर्ष 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ। पहली संगठित सरकार के न्याय मंत्री और संविधान समिति के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में डॉ. आम्बेडकर को कार्य करने का अवसर मिला। भारत का संविधान आज भी प्रत्येक नागरिकों को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है। जो लोग भारत की एकता के पक्षधर नहीं थे, वे हंसते थे कि भारत स्वतंत्र तो हो रहा है पर एकजुट नहीं रह पाएगा। उनकी मंशा धरी की धरी रह गई। उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक 140 करोड़ लोग एकता के सूत्र में बंधे हैं। संविधान के कारण भारत ने सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आज भी अपनी धाक जमाई है।

उन्होंने डा. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1891 में मध्य प्रदेश के महू में उनका जन्म हुआ। विलक्षण बुद्धि और कुछ करने की तमन्ना के भाव के कारण उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड जाने की इच्छा व्यक्त की। महाराजा बडोदरा ने छात्रवृत्ति दी, जिस पर वे वहां गए और दुनिया की उच्चतम शिक्षा की डिग्री हासिल कर वापस भारत आए। उनका एक ही संकल्प था कि कोटि-कोटि वंचितों-दलितों को उनका अधिकार दिलाना है। न सिर्फ देश, बल्कि नागरिकों की आजादी के लिए भी कार्य करना है। वह देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े। सपने को साकार करने का प्रयास अटल ने किया, गति मोदी ने दीमुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के सपने को साकार करने का प्रयास पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी ने शुरू किया, जबकि नई गति पीएम मोदी ने दी। शैक्षणिक हो या आर्थिक, हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। पीएम मोदी ने इसे आगे बढ़ाया। उन्होंने डा. आंबेडकर व जोगेंद्र नाथ मंडल का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास की घटनाएं सबक होती हैं। डा. आंबेडकर को बहुत सारे लोगों ने लालच दिया, लेकिन वह टस से मस नहीं हुए। उन्होंने 'आदि से अंत तक भारतीय हूं' संकल्प का उद्घोष किया।अपमान सहा, लेकिन भारत को अपमानित नहीं होने दिया। देश में डा. आंबेडकर की पूजा हो रही है, लेकिन जोगेंद्र नाथ मंडल के बारे में कोई नहीं जानता। इतिहास की गलतियां माफ नहीं करती हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद बृजलाल, विधायक योगेश शुक्ल, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पवन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

फिल्म अभिनेता सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अलर्ट

मुंबई, (एजेंसी): फिल्म अभिनेता सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई और उनके बांद्रा स्थित आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही सलमान और उनके परिवार की सुरक्षा का जायजा भी पुलिस ने लिया है।

पुलिस के अनुसार फिल्म अभिनेता सलमान खान को मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप पर उनकी कार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी में दावा किया गया है कि वे अभिनेता के घर में घुसकर मारेंगे और उनकी कार को बम से उड़ा देंगे। इस धमकी की शिकायत मुंबई पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कर ली है और धमकी देने वाले की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। इस धमकी भरे मैसेज के मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने तत्काल बांद्रा स्थित सलमान खान के निवास गैलेक्सी अपार्टमेंट पर सुरक्षा की समीक्षा की और सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही सलमान खान को और उनके परिवार के सदस्यों को पुलिस सुरक्षा के दायरे में रहने का निर्देश दिया गया है।

पिछले साल बिश्नोई गैंग से जुड़े शूटरों ने सलमान के घर पर गोलियां चलाई थीं, जिसके बाद अभिनेता की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। पिछले दो सालों में यह पांचवीं बार है जब अभिनेता को जान से मारने की धमकी मिली है। सलमान खान के पिता सलीम खान को भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। इतना ही नहीं पिछले साल, मुंबई पुलिस ने अभिनेता की पनवेल स्थित उनके फार्महाउस में हत्या की साजिश का भी पर्दाफाश किया था। लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के शूटर कथित तौर पर अभिनेता का पीछा कर रहे थे और फार्महाउस पर पहुंचने पर उन्हें मारने की योजना बना रहे थे। फिलहाल पुलिस धमकी देने वाले का काल ट्रेस कर रही है।

भारत से भागा हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

नई दिल्ली, (एजेंसी): पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण धोखाधड़ी केस में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। 65 वर्षीय चोकसी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

खबरों में कहा गया कि पिछले महीने खुलासा हुआ था कि चोकसी बेल्जियम में रह रहा है। बेल्जियम सरकार ने यह स्वीकार भी किया था। बेल्जियम सरकार के प्रवक्ता डेविड जॉर्डन्स ने बयान में कहा था कि बेल्जियम सरकार भारतीय कारोबारी मेहुल चोकसी की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही है। वह अभी जेल में है। भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद बेल्जियम में यह कार्रवाई की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 13,500 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ एंटवर्प (बेल्जियम) में रह रहा है। उसके पास एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता है। वह इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र से बाहर गया था। उनके भतीजे नीरव मोदी भी इसी मामले में सह-आरोपी है। उसे भी लंदन से प्रत्यर्पित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक गई चार लोगों की जान, राज्यपाल ने हालात से केंद्र को अवगत कराया

कोलकाता,(एजेंसी): पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल के विरोध के नाम पर हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। शुक्रवार की नमाज के बाद से भड़की हिंसा रविवार को भी दिनभर जारी रही । आज सुबह से हालात तनावपूर्ण है। इस बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद जिले की मौजूदा स्थिति को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट भेजी है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के नाम पर पुलिस पर पथराव और आगजनी भी हुई है।राजभवन के सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल ने केंद्र को भेजी रिपोर्ट में बीते दिनों मुर्शिदाबाद में हुई घटनाओं का ब्योरा दिया गया है। साथ ही बताया है कि जिले के किन-किन इलाकों में हालात ज्यादा संवेदनशील बने हुए हैं। यह जानकारी राज्यपाल की कोर टीम द्वारा जुटाए गए तथ्यों और राज्य सचिवालय से प्राप्त विवरणों के आधार पर तैयार की गई है। रिपोर्ट में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच हुई गोपनीय बातचीत का विवरण भी शामिल है, जो मौजूदा स्थिति को लेकर हुआ।

मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार का 'लोगो' तथा केंद्रीय मंत्री मंडाविया ने किया 'शुभंकर' का अनावरण

पटना, (एजेंसी): मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार 2025 के आधिकारिक 'लोगो' तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का अनावरण रिमोट के माध्यम से किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक खेल सॉन्ग लॉन्च किया और खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आज मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का बिहार में आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 मई को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का पटना में उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन के माध्यम से राज्य में खेलों की बुनियादी संरचना को और मजबूत करने तथा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार का लोगो और केन्द्रीय श्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का रिमोट के माध्यमसे अनावरण किया। इस मौके पर एक खेल सॉन्ग भी लॉन्च किया गया। दरअसल, बिहार राज्य में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन हो रहा है। यह खेल 4 मई से 15 मई तक बिहार के पांच जिले पटना, नालंदा (राजगीर), गया, भागलपुर और बेगूसराय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें 28 खेलों के लिए देशभर से 8 हजार 500 खिलाड़ी और 1500 टेक्निकल स्टाफ सहित कुल 10 हजार लोग भाग लेंगे।

बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रामुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को रवाना किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर ने मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन से संबंधित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा 15 अप्रैल से 2 मई के बीच बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का 'लोगो' बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और खेल भावना का प्रतीक है। इसका नारंगी और हरा रंग उत्साह और प्रकृति का मेल दर्शाता है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, बिहार के शुभंकर 'गजसिंह' का स्वरूप एवं अवधारणा राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं खेल भावना का प्रतीक है। यह शुभंकर बिहार की समृद्ध पुरातात्विक विरासत से प्रेरित है, जो पाल काल के दौरान नालंदा एवं बोधगया स्थित मंदिरों और स्तंभों पर अंकित गजसिंह (हाथी-सिंह के संयोग) की मूर्तियों से लिया गया है। गजसिंह, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, बिहार का शुभंकर मात्र एक प्रतीक नहीं, बल्कि सशक्त, साहसी एवं बुद्धिमान खिलाड़ी की भावना का जीवंत रूप है। यह शुभंकर राज्य की खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं देश के युवा खिलाड़ियों को संगठित, अनुशासित एवं उन्नत खेल भावना के लिए प्रेरित करेगा।

श्रीकृष्ण की भूमि से जुड़ी श्रीराम की नगरी, हिसार एयरपोर्ट ने लगाए लोगों की उम्मीदों को पंख

नई दिल्ली,(एजेंसी): हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट ने सोमवार को श्रीकृष्ण की धरती और श्रीराम की नगरी को जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए पहली व्यावसायिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने अपने संबोधन में हरियाणा के लोगों का अभिवादन धाकड़ लोगों के शब्दों के साथ किया और कहा कि अब हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर रहे हैं।

इस एयरपोर्ट से आसपास के गांवों के लोगों की उम्मीदें भी जागी हैं। बरसों से एयरपोर्ट की बाट जोह रहे लोगों के सपनों को मानो पंख लग गए हों। सोमवार को जब हिसार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई, तब लोग भी प्रधानमंत्री के संकल्पों के साथ जुड़ते दिखाई दिए। लोग इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने दूर-दूर से पहुंचे। खासकर महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी को एक झलक पाने के लिए मीलों दूर से आईं। खासकर तलवंडी, रायपुर, मिजार्पुर सात रोड और डांसू गांव के लोगों की आंखों में कुछ ज्यादा ही चमक दिखाई दे रही थी। ऐसा इसलिए था, क्योंकि एयरपोर्ट नजदीक होने के कारण उनके गांव के युवाओं को रोजगार और नौकरी की संभावनाएं ज्यादा दिखाई दे रही हैं।

एयरपोर्ट के पास के गांव की रहने वाली पूजा बताती हैं कि ग्रेजुएशन करने के बाद नौकरी करने के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था लेकिन एयरपोर्ट के शुरू होने से यहां भी रोजगार की संभावनाएं बन रही हैं। वे बताती हैं कि एयरलाइंस वाले भी यहां भर्ती शुरू करेंगे तो फ्रंट ऑफिस में जगह मिलने की संभावनाएं हैं। अभी रोहतक में काम करने जान पड़ता है।

मिजार्पुर से आई नंदनी बताती हैं कि पहले हमें हवाई यात्रा करने के लिए दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पड़ता था लेकिन यहां एयरपोर्ट बनने से हमारा सफर आसान हो जाएगा । हमारा समय और पैसा दोनों बच जायेंगे। शुरूआत होने के बाद चीजें रफ्तार से आगे बढ़ेंगी, हिसार से कई शहर जुड़ जाएंगे। रायपुर गांव की मुकेश देवी भी हिसार एयरपोर्ट बनने से काफी खुश हैं। वे बताती है कि यह एयरपोर्ट उनके बेटों के लिए नौकरी की संभावनाओं के साथ हरियाणा के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। खासकर व्यापारियों के लिए भी कई मौके लेकर आया है। पहले यहां गेहूं की फसल लोग काटने जाया करते थे अब यह काम मशीनों से हो रहा है। ऐसे में रोजगार के मौके की जरूरत है। मोदी ने युवाओं के लिए बहुत कुछ घोषणाएं की है। उम्मीद है कि वे जल्दी पूरी हो जाएं।इस मौके पर कुछ महिला कर्मचारी भी उम्मीदें लेकर आईं थीं, उन्हें आशा थी कि उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से होगी। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। सफाई कर्मचारी पूजा बताती है कि उन्हें कई सालों से अपनी नौकरी पक्की होने की उम्मीद थी लेकिन आज इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की गई। आगे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उनकी इस समस्या को सुनें।

उल्लेखनीय है कि हिसार में 7,200 एकड़ जमीन पर एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इसे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकल्प के रूप में 3 चरणों में विकसित किया जा रहा है। इसे लेकर हरियाणा सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच एमओयू यानि करार हो गया है। यहां इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी बनाया जाएगा। इसके साथ होटल इंडस्ट्री, ट्रांसपोर्ट, आईटी इंडस्ट्री विकसित की जाएगी। इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। बड़े पैमाने पर रोजगार विकसित होंगे। एयरपोर्ट से हरियाणा से सटे राजस्थान और पंजाब के लोगों को भी फायदा होगा। इस एयरपोर्ट के बनने के बाद सरकार का दावा है कि एक लाख से ज्यादा नौकरियां आएंगी।

संक्षिप्त खबरें

बाबासाहेब अंबेडकर जयंती पर भाजपा नेता दिनेश सिंह ने दी श्रद्धांजलि

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

सिंदरी : सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह ने रोहड़ाबाँध स्थित भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दिनेश सिंह ने कहा कि देश बाबासाहेब के बनाए कानूनों का पालन कर रहा है और न्यायपालिका एवं कार्यपालिका उनके संविधान पर काम कर रही है। बाबासाहेब अंबेडकर भारतीय इतिहास में एक महान व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी। वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री भी रहे। दिनेश सिंह ने कहा कि देश को बाबासाहेब के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर बुधन राम, बलबीर सिंह जेदिया, भोला पासवान, अरुण पासवान, लालमोहन सर, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस सेवा दल ने मनाई बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

सिंदरी : कांग्रेस सेवा दल ने रंगामाटी अम्बेडकर कॉलोनी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और नेताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के सचिव पुरनेन्दु सिंह ने कहा कि बाबा साहब के मार्ग पर चलकर ही वंचित और शोषित समाज का विकास संभव है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिंदरी नगर कांग्रेस सेवा दल मुख्य संघठक विजय कुमार राम,नगर कांग्रेस महामंत्री सतेंद्र सिंह,यंग ब्रिगेड सेवादल सिंदरी विधानसभा प्रभारी नकुल कुमार वर्मा, सिंदरी नगर कांग्रेस युवा अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, ओम कुमार, टप्पू कुमार, मंटू कुमार, किशोर कुमार, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

एसेंट पब्लिक स्कूल में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बधियापुर : छोटा अम्बोन के एसेंट पब्लिक स्कूल में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल के एडमिन विशाल मोदक ने कहा कि इस सत्र में कुछ नया करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे बच्चों में देश के प्रति भावना जागृत हो। बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें डॉ. अंबेडकर के जीवन और कार्यों के बारे में जानने का अवसर मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के एडमिन विशाल मोदक, मैनेजर साधन कुमार, शिक्षक आशीष कुमार,सुशांतचौबे,अंजान मुखर्जी, सचिन मोदक, नेपाल मुखर्जी, अरविंद महतो,रोहित मंडल पुष्पा कुमारी,मीतू योगी, पुष्पा महतो रिफत जहान, रुक्मणी, लक्ष्मी बाउरी, लक्ष्मी महतो,चंदा खातून, इशरत प्रवीण आदि मौजूद थे।

सिंदूरपुर में धूमधाम से मनाई गई चड़क पूजा,महिलाओ ने झूमर प्रदर्शनी का किया आयोजन

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : सिंदूरपुर में चड़क पूजा के मौके पर महिला झूमर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें लिबू तरुण कोटशीला और मां वीणा पानी रांगामाटी पुरुलिया के झूमर दलों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम रविवार की रात से सोमवार सुबह तक चला। हाल ही में बलियापुर में विनोद मेला में खोरठा झूमर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर अध्यक्ष देवाशीष पांडेय, उपाध्यक्ष उदय मुखर्जी, दुलाल पांडेय, कोषाध्यक्ष किशोर रजक, विनय मुखर्जी, काली कुंभकार, सादल रजवार, धोना पांडेय, खगेन पांडेय, रमन रजक, जगदीश रजक आदि मौजूद थे।

बलियापुर में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गयी

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर: किसान संग्राम समिति कार्यालय में सोमवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। पूर्व विधायक आनंद महतो ने तस्वीर पर माल्यार्पण किया। उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रखंड सचिव गणेश महतो, संतोष रवानी, काशीनाथ मंडल, अविनाश महतो, दिलीप कुमार महतो, हीरालाल महतो, संतोष महतो आदि मौजूद थे। बीबीएम कॉलेज में सचिव अधिवक्ता राहुल कुमार महतो ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर परिमल महतो समेत सभी शिक्षक मौजूद थे। वहीं सिंदूरपुर बुथ संख्या 326 में भाजपा ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया। मौके पर खगेन पांडेय, विश्वजीत मुखर्जी, अल्पना मुखर्जी, सीमा पांडेय, जबा पांडेय, रीता, रूबी, रिया, मौसमी, दयामनी, आयुष्मान दे, शांति पांडेय, वर्षा पांडेय, अर्पिता पांडेय आदि मौजूद थे। बेलगड़िया टाउनशिप में भाकपा माले नेत्री सीमा देवी के नेतृत्व में डा भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। मौके पर उपेन्द्र सिंह, मनोज पासवान, मीरा सिंह, गीता देवी, संजू देवी, रंजू देवी, प्रीति, दीपक भुईयां, रिंकू देवी, रोहित पासवान आदि मौजूद थे।

झरिया में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही
कई इलाकों में गिरे पेड़, बिजली आपूर्ति हुई बाधित

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : तेज आंधी के साथ मूसलधार बारिश हुई. सोमवार दोपहर के बाद अचानक बदले मौसम ने शहर के कई इलाकों में तबाही मचायी और जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गये, जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी. साथ ही शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह से बाधित रही। झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं, जिससे आवागमन कुछ देर के लिए प्रभावित रहा। इसके अलावा, क्षेत्र में बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। झरिया धर्मशाला रोड में सड़क के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। कई दुकानों में बारिश का पानी घुस गया है, जिससे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है। कोलियरी क्षेत्र में उत्पादन चार घंटे तक प्रभावित रहा, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है।

विस्थापन व काँटा घर के विरोध में ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

भौंरा प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने देंगे : ग्रामीण

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : भौंरा स्थित परसियाबाद सामुदायिक भवन में क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता आशा हेम्ब्रम ने की। बैठक में भौंरा प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर विस्थापितों को दोबारा विस्थापित नहीं होने देंगे और घनी आबादी के बीच काँटा घर नहीं लगने देंगे। यदि प्रबंधन न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करता है, तो ग्रामीण आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। मोर्चा के सचिव अनिल बाउरी ने कहा कि पांच हजार आबादी को किसी भी किमत पर उजाड़ने नहीं दिया जाएगा,कल से जगह जगह बैठक कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा लोगो को अपनी हक कि लड़ाई के लिए जागरूक किया जायेगा, क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा के सचिव रामप्रवेश यादव ने कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त एवं सीएमडी से मिल कर अपनी बात को रखेंगे, अगर बात नहीं मानी गई तो एक जोरदार आंदोलन किया जायेगा। श्री यादव ने कहा कि काँटा घर लगने से स्कूल एवं बाजार में रह रहे लोग गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जाएंगे। छोटे छोटे स्कूली बच्चे प्रदूषण कि वजह से उन्हें स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या का सामना करना पड़ेगा, जिसके कारण बच्चों को शिक्षा से वंचित होने का डर बना रहेगा,यह प्रबंधन कि सोची समझी साजिश है। बैठक में मोती लाल हेम्ब्रम, रीता हेम्ब्रम, जगदीश महतो, सुबोध महतो, सागोर अंसारी, मालती कुमारी, रामप्रवेश यादव, गुण गुण कुमारी, बेदनी देवी, ममता देवी, मालती कुमारी, जस्सी देवी, अनिल बाउरी आदि उपस्थित थे।

बलियापुर में चड़क पूजा की धूमधाम से मनाया गया

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : विभिन्न गांवों में चड़क पूजा के अवसर पर आयोजित भोक्ता घुरा मेला संपन्न हो गया। दोपहर बाद क्षेत्र में तेज आंधी के साथ हुई बारिश से विभिन्न गांव में आयोजित भोक्ता मेला काफी प्रभावित हुआ। बारिश के कारण शिव भक्तों एवं मेले में पहुंचे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के सिंदूरपुर, बाघमारा, सांवलपुर, घड़बड़ आदि गांव के शिव मंदिर प्रांगण में लगे मेले में शिव भक्तों ने अपने शरीर के विभिन्न अंगों में नुकीले किले चुभो कर नाचते गाते रहे। मेले में स्थापित भोक्ता खूंटा के लट पर लटक कर घूमते रहे। यह कार्यक्रम विभिन्न गांव में आयोजित मेले में आरंभ हुआ ही था की क्षेत्र में बारिश शुरू हो गई। जिससे भोक्ता घुरा कार्यक्रम बारिश के कारण स्थगित हो गया। कई गांवों में बारिश के बाद शाम 6:00 बजे भोक्ता घुरा फिर शुरू हुआ।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती लोक जनशक्ति पार्टी ने मनाया

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : लोक जनशक्ति पार्टी द्वारा कुर्मिडीह में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर जिला महानगर अध्यक्ष रामनंदन पासवान ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। जयंती समारोह में सभी पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान समाज सुधारक और विधि विशेषज्ञ थे जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें दलित वर्गों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाता है। मौके पर महानगर उपाध्यक्ष बाबू नंद प्रसाद, आरके प्रसाद, जितेंद्र पासवान, डॉ अनिल कुमार, विद्यानंद पासवान,शिवनंदन पासवान, सौरभ कुमार, रवि कुमार पासवान, रामानंद पासवान उपस्थित थे।

रोड़ाबांध में भाजपा ने डॉ भीमराव की 135वीं जयंती मनाई

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : सिंदरी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी ने रोड़ाबांध और आई एम टाइप स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेत्री तारा देवी ने पुराने कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे और दलित वर्गों के अधिकार, समानता और सामाजिक न्याय के लिए जीवनभर संघर्ष करते रहे। उनकी जयंती पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तारा देवी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के संविधान और विचारों को अपनाकर ही देश और समाज को एक सूत्र में बांधकर विकास के पथ पर ले जा सकते हैं। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया, लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें भारत रत्न और दिल्ली में समाधि देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य दिनेश सिंह, राकेश तिवारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र हरि, जिला मंत्री विजय अंबेडकर, सिंदरी नगर महामंत्री इंद्र मोहन सिंह, उपाध्यक्ष संजय महतो, धीरज सिंह, नगर मंत्री राघव तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिमा सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील शर्मा आदि मौजूद थे।

हाड़ी समाज ने केक काटकर मनाया बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद किया। डीआरएम चौक पर स्थापित बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। केक काटकर जन्मदिन मनाया। जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया।आज भारत जिस लोकतांत्रिक मूल्यों पर मजबूती से खड़ा है, उसका श्रेय बाबा साहब के विचारों को जाता है।उनके बताये रास्ते पर चलकर ही हम देश की अखंडता और एकता की रक्षा कर सकते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने व विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी। आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है। मौके पर हाड़ी जाति समाज सुधार समिति से महासचिव भूचु हाड़ी,सचिव राजेश हाड़ी,कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी,रक्षामंत्री भोला हाड़ी,सूचनामंत्री रंजीत हाड़ी,वरिष्ठ पदाधिकारी चतुर हाड़ी,संरक्षक अमित किशोर हाड़ी, युवा समिति के अध्यक्ष विनोद हाड़ी,उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी,संगठन सचिव भरत हाड़ी,सचिव दिनेश हाड़ी, विक्की हाड़ी,महासचिव अजय हाड़ी,सूचनामंत्री श्रवण हाड़ी,राजू हाड़ी, अजीत राम,झरिया प्रखंड के विकास हाड़ी,मनोज हाड़ी उपस्थित हुए।

जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मनाई बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती

धनबाद : बलियापुर रोड स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस एवं जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा बाबा साहब का मानना था की शिक्षा हर किसी को मिलनी चाहिए,चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या समाज से आता हो। बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर जेपी इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, कॉलेज की डायरेक्टर डॉक्टर किमी मंडल, नर्सिंग विभाग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, फार्मेसी विभाग की प्राचार्या नीलम सिंह समेत कॉलेज के सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने बाबा को नमन किया।

ड़ॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : ड़ॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को डिगवाडीह सीएम एफआरआई गेट के समीप उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाइयां बांटी गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी जयंती मनाई गई और समाज में उनके योगदान को याद किया गया।संबोधित करने वालो में समाज सेवी मदन राम, जितेंद्र पासवान, डब्लू अंसारी, दिनेश खरवार, मनन यादव, सुरेश चौधरी आदि थे।

भौरा में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

भौरा : डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती भौरा स्थित कोलियरी यूनियन कार्यालय परिसर में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके योगदान और जीवन को याद किया गया। अंबेडकर जी एक महान समाज सुधारक और विधि विशेषज्ञ थे जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें बाबा साहेब की उपाधि से भी जाना जाता है। संयुक्त मोर्चा के नेता व बीसीसीसीएल के अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर राकोमसंघ के संयुक्त महामंत्री एस के शाही संजय सिंह, उत्तम गोस्वामी, उमेश कुमार रवानी, सुजीत कुमार रवानी, जसवंत सिंह, दुनदुन सिंह, गनौरी रविदास, हीरालाल जसवारा, निरंजन कालिंदी, नारायण बाउरी,मनोज कुमार,शिवशंकर, अयोध्या प्रसाद, राम जीत भगत , कमाल खान,कल्याण पासवान बिरेंद्र महतो ,अनिल महतो, सुब्रतो मुखर्जी आदि थे। वही झरिया के लोदना क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ तकनीकी अधीक्षक संजय तिवारी ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके योगदान को याद किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे और दलित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष करते रहे। उनकी जयंती पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मौके पर शिव प्रताप सिंह,सरोज बनर्जी,बृजेश यादव,राम प्रसाद,ललित महतो आदि थे।

Page 12_Page 3.qxd 4/14/2025 10:30 PM Page 1

डीआरएम चौक पर बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक राज सिन्हा, शत्रुघ्न महतो आदि मौजूद रहे

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की आज जयंती के अवसर पर धनबाद के डीआरएम चौक पर स्थापित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया.इस मौके पर विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो समेत तमाम जिले भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए.बाबूलाल मरांडी ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया. आज भारत जिस लोकतांत्रिक मूल्यों पर मजबूती से खड़ा है, उसका श्रेय बाबा साहब के विचारों को जाता है. उनके बताये रास्ते पर चलकर ही हम देश की अखंडता और एकता की रक्षा कर सकते हैं. विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया. भारतीय जनता पार्टी उन्हीं के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है. मौके पर रमेश राही, रूपेश सिन्हा आदि मौजूद थे.

जिला प्रशासन की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को अंबेडकर चौक (डीआरएम चौक) पर जिला प्रशासन की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक सहित अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की.इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माण करने और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं. उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने व विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी. आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के दिन है.वहीं उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया. वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और कानूनविद थे. उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने, मौलिक दायित्व की भी बात की. अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं. आज पूरा देश बाबा साहेब को उनकी जयंती पर याद कर इस महान विभूति को श्रद्धांजलि दे रहा है.इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, नेशनल फेडरेशन ऑफ अम्बेडकर मिशन धनबाद, के अध्यक्ष शशि भूषण कुमार, नगर निगम के चीफ इंजीनियर अनूप कुमार सामंता, सिटी मैनेजर विशाल कुमार, सुपरवाइजर चिंटू कुमार, डीआरडीए के मनिष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया.

बीसीसीएल में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह पर दी गई श्रद्धांजलि

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ तथा कोल इंडिया एससी/एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) के संयुक्त तत्वाधान में अंबेडकर चौक तथा सामुदायिक भवन कोयला नगर में जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कोयला नगर स्थित डॉ. अंबेडकर चौक से कार्यक्रम आरंभ हुआ जहां सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी) संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी ह्न योजना एवं परियोजना) मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी अमन राज, सीआईएसफ डीआईजी मो. आबिद खान, सिस्टा के संस्थापक सदस्य आरएस राम, राष्ट्रीय महासचिव, राजकुमार कनौजिया सहित बीसीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारियों, कर्मियों यूनियन प्रतिनिधि, श्रमिक संगठन सदस्यों की उपस्थिति में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की. सीएमडी श्री दत्ता के साथ मंचासीन सभी अतिथियों ने भी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किया. इस अवसर पर सीएमडी श्री दत्ता ने कहा कि बाबा साहब आधुनिक भारत के प्रमुख शिल्पियों में से एक थे. उनकी शिक्षाएं सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिकता का बोध कराती हैं, जिससे समग्र विकास की अवधारणा साकार होती है.इसके पश्चात सीएमडी द्वारा नगर भ्रमण हेतु संविधान झांकी को झंडा दिखाकर रवाना किया गया जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए डीआरएम चौक तथा कार्मिक नगर स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कोयला नगर स्थित अन्नपूर्णा सभागार पहुंची. जहां कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अन्नपूर्णा सभागार में एक विचार संगोष्ठी-सह-सांस्कृतिक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दिवस के गणमान्य अतिथियों, बीसीसीएल के अधिकारियों-कर्मचारियों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में सिस्टा के सदस्यों ने भाग लिया. सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गयी.जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों मुरलीकृष्ण रमैया (निदेशक, मानव संसाधन), निदेशक (तकनीकी) संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना मनोज कुमार अग्रवाल एवं सिस्टा संस्थापक आरएस. राम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.

तेतुलमारी बाबा चौक व कोलियरी कार्यालय में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

कतरास : संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती तेतुलमारी बाबा चौक में चंदन दास के आवासीय कार्यलय के पास मनाया गया. मौके पर जिला परिषद सदस्य मो. इसराफिल उर्फ लाला ,मुखिया अशोक ठाकुर,चंदन कुमार दास, रघुनंदन बाउरी, विजय भारती, पंकज सिंह,संजय मुंडा, नागराज कालिंदी, विक्रम कुमार, सुनील सिंह, अरुण निषाद, संगीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे. इससे पूर्व

तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय व निचितपुर कोलियरी कार्यालय में भी बाबा साहेब की जयंती मनाई गई.

संक्षिप्त खबर

रामकनाली में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनी जयंती

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

कतरास : रामकनाली कोलियरी प्रांगण में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनायी गयी. अध्यक्षता मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा एवं संचालन मजदूर नेता सह इंचार्ज राजेश मंडल ने किया.

सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तैल चित्र पर उपस्थित सभी लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की.समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर का स्वतंत्रता संग्राम, आजाद भारत का संविधान निर्माण, सामाजिक बुराईयों को दूर करने और नए समाज का निर्माण, मजदूर की सुरक्षा में श्रम कानून का निर्माण, महिलाओं की सुरक्षा में कानून व्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर विस्तार पूर्वक चर्चाएं की. मौके पर रामकनाली ओपी प्रभारी संतोष कुमार, सुपरिटेंडेंट अभियंता विवेक कुमार, सतीश चंद्र विद्यार्थी, हरेंद्र राम, सरोज उपाध्याय, भौमिक महतो, राजकुमार पासी, ललन प्रसाद यादव, राघवेन्द्र पांडे, पी उपाध्याय, चंद्रभान प्रसाद लहरे, लखन मुर्मू, रामाशंकर यादव, अमरेश चौधरी, राजु मंडल, रघुनंदन विश्वकर्मा, मनोज मिश्रा, राज रोशन, अमित मोदक, भागीरथ हरी, गीता कामिन, कुसुम देवी, कुंती देवी, केडी यादव, भुवन गोप, सीता राम चौहान, मंगल मांझी, प्रतिमा देवी, योगेंद्र प्रसाद, राहुल कुमार, विवेक कुमार, उत्तम राज्यवार आदि उपस्थित थे. धन्यवाद ज्ञापन मजदूर नेता गोवर्धन महतो की.

बेलवढ़ी किड्स एजुकेशन सेंटर में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनी

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

निरसा : किड्स एजुकेशन सेंटर ,बेलवढी में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 2024-25 सत्र के टॉप थर्ड रैंकरो द्वारा केक काट कर मनाई गई.धनबाद मिडटाउन के अधिकारीगण-रतनजीत सिंह डांग, एके संडबार, राहुल गोयल, विष्णु भगत,विद्यासागर विभूति, भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक- मनजीत सिंह, निरसा व्यापार मंडल के डायरेक्टर -मधुरेंद्र गोस्वामी ,अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ निरसा के जिला संयोजक-राहुल पांडे, राज्य संयोजक- प्रणव अव एससी-एसटी ओबीसी काउंसिल के सचिव - प्रभुनाथ पासवान, एसपी चौहान, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षीय - सीता देवी ,प्रकाश घोष के द्वारा टॉप थर्ड रैंकरों को पुरस्कृत किया गया. विद्यालय के बच्चों के द्वारा नृत्य, भाषण प्रस्तुत की गई. अभिभावकों ने बच्चों की काफी प्रशंसा की. मिडटाउन धनबाद के रोटेरियनों द्वारा बच्चों के बीच शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया.मौके पर सावित्री मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के बच्चों ,गांव के लोगों तथा राहगीरों के बीच प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण किया गया. मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण-मोहम्मद फिरोज अंसारी, हरेंद्र यादव, अमित सिंह, सीता देवी,पूर्णिमा, संगीता, पदमा दास, प्रमिला चौहान, संदीप दास, सुप्रिया, बच्चू मुखर्जी, दीपक चंद्र, जितेंद्र चौहान, आकाश कुमार आदि की अहम भूमिका रही.

लुतीपहाड़ी चौक पर मनाया गया अंबेडकर जयंती

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बाघमारा : लुतीपहाड़ी चौक पर अंबेडकर समिति एवं बाघमारा भाजपा मंडल के द्वारा सोमवार को भारतीय संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाया गया. अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर विधायक सहित भाजपा मंडल सदस्यों ने माल्यार्पण कर नमन किया. विधायक शत्रुधन महतो ने बाबा साहेब के आदर्शों के बारे में चर्चा की गयी. उन्होंने कहा कि संविधान के रचयिता बाबा साहब अपना पूरा जीवन हमारे कल्याण के लिए समर्पित किया. अगर बाबा साहब नहीं होते, तो हम इस स्थान पर नहीं पहुंच पाते. उन्होंने हमें समानता का अधिकार दिया और संविधान की रचना कर पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा. मौके पर बच्चू राय, राजू शर्मा, दीपू पांडेय, सुधीर पांडेय, जगगू गोप, जीतन भुइयां, संतोष दास, देवानंद चौहान, गोपाल सिंह, मधु दास, बलराम दास, सुभाष गोप, जुलूस भुइयां, रिझु दास, किशोर ठाकुर, मन्नु सिंह, मेघने महथा आदि मौजूद थे.

महुदा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भोगता उपासकों ने चड़क पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

महुदा : महुदा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में सोमवार को चड़क पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. क्षेत्र के तेलमच्चो, कांड्रा एवं नागदा स्थित कमलिया शिव मन्दिर के प्रांगण में आस्था का पर्व पर काफी गहमा गहमी रही, तीनों स्थानों में लगभग 200 भोक्तागण अपने शरीर में लोहे का कील चुभोह कर भोक्ता खूंटा के सहारे परिक्रमा किया. मंदिर प्रांगण में चारों और मेला का माहौल बना रहा. आस-पास के गांव के दर्जनों लोग आस्था के इस पर्व को देखने के लिए शिव मन्दिरों में पहुंचे हुए थे.सभी भक्तों ने चड़क पूजा के अवसर पर गाजे बाजे के साथ ल्हौहार को मनाया. चड़क पूजा के संबंध में पूजारी प्रभाष ठाकुर ने बताया कि सबसे पहले भोक्ताजनों को पास के तालाब ले जाया जाता है, वहां शिव भक्तों के शरीर में किल चुभोया जाता है.बहुत से

भोक्तागण पीठ के अलावा अपने हाथ, पैर व जीभ में भी किल चुभाते है, उसके पश्चात गाजे बाजे के साथ उसे मन्दिर परिसर लाया जाता है. मन्दिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात उसे एक एक करके चालीस फीट खंभा के सहारे ऊपर चढ़ाया फिर उसे भक्तगणों के द्वारा उसे खंभा में बांधकर उसे परिक्रमा करवाया जाता है. खंभा के नीचे जमीन में भोक्तागणों के परिवार के महिला सदस्य उपवास करके खड़ी रहती है.परिक्रमा करने के पश्चात शिव भक्तगण निचे उतरकर शिव मंदिर में पूजा करते है, तत्पश्चात जल, फल ग्रहण करते है. इससे पुर्व पूजा समिति नागदा के द्वारा बुधवार की रात में छौ नाच कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया.इसके अलावे तेलमोचो स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया. चड़क पूजा को सफल बनाने में पूजा कमिटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र महतो, सचिव विनोद महतो, कोषाध्यक्ष आंभराम महतो, मुखिया प्रतिनिधि कमल महतो, कालाचंद महतो, भुतनाथ राय, दशरथ देशवाली, गोरा चंद महतो, माथुर राय, जोबना राय, परशुराम महतो, आनंद महतो, लखन राय, मुन्ना महतो, संशोधन महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

चार दिवसीय चड़क पूजा के तीसरे दिन बागदाहा में भोगता परिक्रमा हुआ धूमधाम से संपन्न

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

राजगंज : चार दिवसीय चड़क पूजा के तीसरे दिन सोमवार को राजगंज क्षेत्र के बागदाहा में भोगता घूरा का कार्यक्रम हुआ. करीब तीस फीट ऊंचे खूंटे में दो दर्जन भोक्ताओं ने अपने पीठ पर कील चूभों कर परिक्रमा किया. इस क्रम में भोगता गण ढोल,ढाक की गूंज के बीच पारम्परिक नृत्य करते हुए मंडप थान की परिक्रमा करते रहे.

इससे पूर्व अहले सुबह भोक्ताओं के द्वारा विधिवत पूजन कर खूंटे को तालाब से निकाला गया. जिसे पर्व के समापन नारता के दिन मंगलवार को इसे पुनः तालाब में सुरक्षित रख दिया जाएगा.चड़क पूजा को लेकर पूर्व विधायक प्रतिनिधि व आयोजन समिति के अध्यक्ष हलधर महतो ने कहा आधुनिक समय मे भी परम्परा के इस पर्व की जीवंतता हमारी सभ्यता व संस्कृति को मजबूत बनाती है, बदलते समय मे लोगो को एक सुई की चुभन भी पसंद नही है, वहीं आस्था के इस पारम्परिक पर्व में श्रद्धालु भोगता अपने पीठ, जिभ्वा आदि अंगों में कील, त्रिशूल चुभोकर भक्ति से सराबोर रहता है.

चड़क पूजा में इस बार भी आस्था से लबरेज रवि महतो ने अपने शरीर मे दर्जनों कील के अलावे त्रिशूल को चूभो कर भक्तिभाव से आराधना की.चड़क पूजा को देखने के लिए श्रद्धालुओं व लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी ,परन्तु आंधी व बारिश की वजह से श्रद्धालुओं के साथ लोगो को भी भारी परेशानी हुई.

इधर चड़क पूजा को लेकर जोप सदस्य वाणी देवी, चड़क पूजा समिति के अध्यक्ष हलधर महतो, उपाध्यक्ष रेवती रमण ,हीरालाल महतो, दिलचन्द महतो, रामचन्द्र महतो, राजू महतो, उमेश महतो आदि लोग सक्रीय रूप से जुटे रहे.

बरमसिया में भारी बारिश के कारण चावल की बोरी भीगने से एफसीआई को जीरो नुकसान : एमके गोगोई

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : पिछले दिनों 10 अप्रैल को हुई तेज बारिश में बरमसिया रेलवे यार्ड में डंप एफसी आई के अनाज की बोरिया भीग गई थी पर बोरिया भीगने से कोई नुकसान नहीं हुआ.यह बयान एफसीआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एमके गोगोई ने सोमवार को ओजोन गैलेरिया स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने बताया 54 हजार बोरी चावल केंद्र सरकार की एथानॉल ओएमएसएस स्कीम के लिए पंजाब से मंगाया गया था.10 अप्रैल को तेज बारिश हुई थी. अनाजों को तिरपाल से ढका भी गया था.तेज हवा के कारण कुछ बोरियां बारिश की चपेट में आ गई.क्यू सी अधिकारियों की निगरानी में नियमानुसार चावल को सुखाकर पूरी तरह से बचा लिया गया. एफसीआई को कोई क्षति नहीं हुई है.ऐसी परिस्थिति भविष्य में दोबारा उत्पन्न नहीं हो इसके लिए संवेदक को भी अधिक संवेदनशील रहने को कहा गया है.रेलवे यार्ड में शेड निर्माण के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में भी विचार किया जा रहा है.रेलवे से भी इसपर पत्राचार किया गया है.

इस मौके पर प्रेस वार्ता में निगम का पक्ष रखने के लिए श्री गोगोई के साथ क्षेत्रीय महाप्रबंधक झारखंड मनोज कुमार, मंडल प्रबंधक धनबाद चक्रपाणि सिद्धार्थ, डीजीएम रीजन हेमंत कुमार जयसवाल एवं जोनल क्यूसी सेठी मौजूद रहे.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.